श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 243, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 29 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दु:खों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।
क्रियायोग
हं क्षं
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## केंद्रीय कर्मियों का डीए बढ़ा, रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

# 3 महीने जारी रहेगी मुफ्त राशन योजना





**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने बुधवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 1 जुलाई, 2022 से महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में 4 फीसद की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। देश में लगभग 50 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 61 लाख से अधिक पेंशनभोगी हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अन्य फैसले भी लिए गए। जानें केंद्रीय कैबिनेट ने कौन कौन से फैसले लिए हैं।

**तीन महीने के लिए बढ़ाई गई मुफ्त राशन योजना:** केंद्र सरकार ने बुधवार को गरीबों के लिए मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की राशन योजना को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया। सरकार ने महंगाई से राहत देने के लिए यह कदम उठाया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश के 80 करोड़ गरीबों को हर महीने 5 किलो गेहूं और चावल मुफ्त देने की योजना को अब 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

**महंगाई भत्ते में चार फीसद की बढ़ोतरी:** केंद्रीय कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में चार फीसद की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। सरकार के इस फैसले से केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनभोगी 1 जुलाई, 2022 से क्रमशः बढ़े हुए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) के हकदार होंगे। पढ़ें पूरी खबर- केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा, कैबिनेट ने महंगाई भत्ता 4 फीसद बढ़ाने को दी मंजूरी

**पीएम मोदी ने फैसलों की तारीफ की:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की समय सीमा को बढ़ाए जाने के फैसले से पूरे भारत में करोड़ों लोगों को लाभ होगा।

### रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

**केंद्रीय** रेल मंत्री अशिवनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 199 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का फैसला किया है। सरकार के फैसले के मुताबिक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, सीएसटी रेलवे स्टेशन और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन सहित इन सभी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास में 60,000 करोड़ रुपए की लागत आएगी। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन बसों, ऑटो और मेट्रो रेल सेवाओं के साथ ट्रेन सेवाओं को एकीकृत करेगा।

## लालू यादव 12वीं बार बने राजद अध्यक्ष




**पटना: लगातार** 12वीं बार निर्विरोध राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। इसके लिए उन्होंने बुधवार को दिल्ली में निर्वाचन अधकिारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। राजद के चुनाव कैलेंडर के मुताबकि शाम पांच बजे से पहले ही इस पद के लिए नामांकन दाखिल किया जा सकता था। उनके अलावा किसी और ने नामांकन पत्र दाखिल ही नहीं किया। इसके बाद लालू यादव के फिर से अध्यक्ष बनने का एलान कर दिया गया है।

**शाम पांच बजे होगी नामांकन पत्रों की जांच:** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उदय नारायण चौधरी के मुताबकि शाम पांच बजे नामांकन पत्रों की जांच हुई। राजद के सहायक राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि 26 सितंबर को राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची का तदर्थ प्रकाशन कर दिया गया था। राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की अन्तिम सूची का प्रकाशन 27 सितम्बर को केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली, केन्द्रीय कैम्प कार्यालय पटना एवं सभी राज्यों के राज्य कार्यालयों में कर दिया गया था।

**नौ अक्टूबर से होनी है कार्यकारिणी की बैठक:** राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया दिल्ली के 13, बिट्ठल भाई पटेल भवन स्थति केंद्रीय कार्यालय में हुई। शाम पांच बजे नामांकन पत्रों की स्क्रूटिनी प्रक्रिया के दौरान केवल एक नामांकन पत्र ही दाखिल पाया गया, जो वैध था। 9 अक्टूबर को नई दिल्ली के ही एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय परिषद की बैठक एवं पार्टी के खुले अधिवेशन में रखे जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। अगले दिन 10 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में पार्टी के राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। इसी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों का भी चुनाव होगा। इसी दिन नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनाव अधिकारी की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में खुला अधिवेशन होगा।

# अयोध्या में लता मंगेशकर चौक का हुआ लोकार्पण

## अयोध्या का होगा विश्व स्तर पर आध्यात्मिक एवं सुन्दर विकास: सीएम योगी



**अयोध्या:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो संदेश के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण कर राम नगरी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। अयोध्या नगरी का नया घाट बंधा चौराहा अब लता मंगेशकर चौक के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि अयोध्या में लता चौक पर मां सरस्वती की विशाल वीणा संगीत साधना का प्रतीक बनेगी। संगमरमर से बने 92 कमल लता जी को जीवन अवधि को दर्शाते हैं। मोदी ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करता हूं। लता मंगेशकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लता जी से जुड़ी मेरी बहुत सी यादें हैं। मोदी ने अपने संबोधन में अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का भी जिक्र किया और कहा कि इसको लेकर देशभर में उत्सुकता का माहौल है। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री ने अयोध्यावासियों से अपनी अपेक्षाएं भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि देश के कोटि-कोटि लोग अयोध्या आने वाले हैं, ऐसे में अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी है कि वे राम नगरी को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

मुख्यमत्री योगी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी है यहां का विकास हमें विश्व स्तर के शहर के अनुरूप दिव्य करना है। इसमें किसी भी प्रकार की कमी नही आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वर साम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर जी ने अपने जीवन को भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया था उसी के सम्मान में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न के रूप में अलंकृत किया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज लताजी के जन्म दिवस पर भारत वर्ष में उनके नाम पर सबसे पहले एक स्मारक के रूप में उप्र में भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में चौक का निर्माण किया गया। यह कार्य बहुत ही कम समय में अधिकारियों ने लगन एवं निष्ठा से तैयार किया है।

**अयोध्या में सभी चौराहों पर लगेगी महापुरुषों की मूर्ति:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में सभी चौराहो पर महापुरुषों की मूर्ति व स्मारक बनाया जायेगा, जिसमें जगतगुरू रामानन्दाचार्य, रामानुजाचार्य आदि प्रसिद्ध के अलावा अयोध्या के प्रसिद्व सन्तों, श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े महानायकों के नाम पर समर्पित चौराहे होंगे।

## सीमा पर एएलएस-50 ड्रोन सिस्टम तैनात किये जाने की तैयारी




**नई दिल्ली:** पाकिस्तान और चीन सीमा पर स्वदेशी घुमंतू टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के एएलएस-50 ड्रोन सिस्टम तैनात किये जाने की तैयारी है। हाल ही में इनका पोखरण फायरिंग रेंज में परीक्षण किया गया है। परीक्षण के दौरान इन सिस्टम ने अपनी अटैक क्षमता का कामयाब प्रदर्शन किया है। इसके अलावा भारतीय सेना 2040 तक सभी 105 मिमी. की तोपों को 155 मिमी. तोपों से बदलने की तैयारी में भी है। रक्षा मंत्रालय से पहले ही मंजूर किये गए के-9 वज्र हॉवित्जर खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। भारत के दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से संचालन में सक्षम स्वदेशी घुमंतू एएलएस-50 ड्रोन सिस्टम को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने स्वदेशी रूप से वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग (वीटीओएल) के लिए डिजाइन किया है। इनका पिछले माह राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में कई दिनों तक परीक्षण किया गया। एएलएस 50 नाम के इस सिस्टम ने ट्रायल के दौरान विस्फोटक वारहेड से जमीन पर सटीक निशाना लगाया। यह परीक्षण निजी उद्योग के लिए एक मील का पत्थर है, जिसने देश में ही ड्रोन सिस्टम को विकसित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाया है। तोपखाने की रेजिमेंट भी इन घूमने वाले सामरिक मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को पाकिस्तान और चीन सीमा पर तैनात करने पर विचार कर रही है। एएलएस-50 क्वाडकॉप्टर की तरह उड़ान भर सकता है और लंबी दूरी तक यात्रा उड़ान के दौरान फिक्स्ड विंग मोड में संक्रमण कर सकता है। इसने इस साल की शुरूआत में लद्दाख में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी अपनी उड़ान क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है।

## 'नोटबंदी': 12 अक्टूबर को संविधान बेंच में होगी सुनवाई




**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच 12 अक्टूबर को 'नोटबंदी' पर सुनवाई करेगी। सबसे पहले यह तय किया जाएगा कि क्या वाकई अब इस मामले में सुनने के लिए कुछ बाकी है। जस्टिस एस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश बुधवार को दिया। उल्लेखनीय है कि 500 और 1000 के पुराने नोट बंद होने पर 2016 में कई याचिकाएं दाखिल की गई थीं। 16 दिसंबर, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच जजों की बेंच को रेफर कर दिया था। साथ ही हाई कोर्टों में दायर सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कराते हुए सभी याचिकाकताओं को नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही हाई कोर्ट में चल रहे मामलों पर कार्यवाही पर रोक लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पांच जजों की बेंच के लिए आठ सवाल तय किए थे।

# भारत की कमर तोड़ रही तेल की बढ़ती कीमतें: जयशंकर



**वॉशिंगटन:** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की कीमतें हद से ज्यादा बढ़ी हुई हैं। इनकी कीमतों में नरमी आनी चाहिए। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए नये अवसरों पर चर्चा की है। वहीं पेंटागन पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का भव्य स्वागत हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तेल की कीमतों का मुद्दा उठाया और अमेरिकी समकक्ष को ऊर्चा चिंताओं से अवगत कराया। यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने रूस से कहा था कि ये युद्ध का युग नहीं है। वहीं अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से कहा है कि तेल की कीमतों ने हमारी कमर तोड़ दी है। एस जयशंकर ने कहा, 'हम प्रति व्यक्ति 2,000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। हम तेल की कीमत को लेकर चिंतित हैं। तेल की कीमतें हमारी कमर तोड़ रही है और ये हमारे लिए एक बड़ी चिंता है।' विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने में भारत, अमेरिका का हित है। ईंधन की महंगाई का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने को लेकर चिंतित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका को अवश्य ही कट्टरपंथ, चरमपंथ और रूढ़िवाद का मुकाबला करना होगा।

**पेंटागन में भव्य स्वागत:** वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर सोमवार को ऑस्टिन से मुलाकात के लिए पेंटागन गए थे। पेंटागन में विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए ।

## ममता के पूर्व मंत्री ने पत्नी के शेयर अर्पिता के नाम किए, थाइलैंड घुमाया, उसकी बहन को सरकारी नौकरी दिलाई

# पार्थ-अर्पिता पर नए खुलासे से हड़कंप



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी और जेल में बंद पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर बुधवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। पार्थ को जमानत देने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विरोध किया। ईडी ने चार्जशीट में कहा है कि शिक्षा मंत्री रहते हुए पार्थ ने अपनी करीबी अर्पिता की बहन को सरकारी नौकरी दिलाई। ईडी ने आगे कहा कि पार्थ ने पत्नी की मौत के बाद उसकी कंपनी टेक्स्ट फैब प्राइवेट लिमिटेड के अधिकांश शेयर अर्पिता के नाम कर दिए। ईडी ने दोनों की जमानत का विरोध करते हुए 14,643 पन्नों के दस्तावेज कोर्ट में जमा किए हैं।

**अर्पिता के साथ थाइलैंड गए, बिल का भुगतान किया:** एबीपी आनंदा की रिपोर्ट के मुताबिक ईडी ने कहा है कि अर्पिता के शॉपिंग बिल का भुगतान भी पार्थ ही करते थे। जांच एजेंसी ने आगे दावा किया कि अर्पिता और पार्थ दोनों थाइलैंड के फुकेट गए थे। एजेंसी ने दोनों की करीब 10 करोड़ रुपए की स्थाई-अस्थाई संपत्ति का ब्योरा भी कोर्ट में जमा किया है।

**पार्थ ने एफिडेविट दाखिल कर कहा था- एक रुपया नहीं खाया:** पार्थ चटर्जी ने सीबीआई की स्पेशल कोर्ट से जमानत मांगते हुए हलफनामा दाखिल किया था। कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर पार्थ ने कहा, 'मुझे पॉलिटिकल साजिश के तहत फंसाया गया। मैं मंत्री रहने से पहले नेता प्रतिपक्ष भी रहा हूं। ईडी मेरे बंगले पर 24 घंटे से ज्यादा वक्त तक रही, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला।

## यूएस ने पाक को एफ-16 पैकेज देने पर दी सफाई



**वाशिंगटन:** अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 से जुड़े पैकेज देने के मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर के सामने फिर सफाई दी है। हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। अमेरिका ने कहा कि आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए इस्लामाबाद की क्षमता बढ़ाने के लिए विमानों के रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए सैन्य उपकरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस महीने की शुरूआत में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को पलटते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। अमेरिका की यात्रा पर आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस फैसले पर सवाल उठाया था।

## खबर संक्षेप

### पीपीजीसीएल चौकी प्रभारी ने एक को दबोचा

**शंकरगढ़।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि धारा 306 के अभियुक्त राजू मौर्य उर्फ गुलाब पुत्र जेठू मौर्य (निवासी चफरी, नवाबगंज, गंगापार) को गिरफ्तार किया गया है। उसे सबइंस्पेक्टर (पीपीजीसीएल प्रभारी) गंगाराम सोनकर की टीम ने गिरफ्तार किया है। राजू मौर्य पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

### घर में घुस कर युवती से अश्लीलता शोर मचाने पर भागा

**मऊआइमा।** युवती को घर में अकेला देख एक युवक घुस गया युवती को पकड़ कर जमीन पर पटक दिया।आश्लील हरकते करने लगा। शोर मचाने पर सोने की चैन एंव टप नोंच कर भाग गया। युवती की माता ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनापुर निवासनीय एक महिला इलाज के लिए अस्पताल गयी थी। उसकी जवान लडकी घर पर अकेली थी। आरोप है कि एक युवक घर में घुसकर युवती को जमीन पर पटक दिया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर युवती का सोने का चैन और टप लेकर भाग गया। महिला ने थाने में तहरीर दे कर हरिसेनगंज निवासी अजय कुमार पुत्र राम बाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## आखिर ! संचारी रोग की कैसे होगी रोकथाम आबादी के बीच भरा पानी

**संचारी रोग से बचाव को इन दिनों यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ की टीम लोगों को कर रही जागरूकक्रस्बा के वार्ड नंबर दो में सफाई न होने का पूर्व सभासद ने लगाया आरोप**

अखंड भारत संदेश



लालगोपालगंज के खानजहानपुर मोहल्ला में आबादी के बीच भरा पानी।

**लालगोपालगंज।** विशेषज्ञों के अनुसार डेंगू मच्छर पैदा होने के लिए एक चम्मच पानी ही काफी है। संचारी रोग और डेंगू, मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए शासन लगातार अलग-अलग संस्थाओं को क्षेत्र में भेज कर बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं। लेकिन स्थानीय कस्बा में घनी आबादी के बीच गड्ढा तालाब में तब्दील हो गया है। जहां इस तरह की बीमारियों के फैलने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। लालगोपालगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो खानजहानपुर मोहल्ला में साफ सफाई एवं स्वच्छता ताक पर है। कहने को नगर पंचायत में दर्जनों सफाई कर्मियों की तैनाती जरूर है। लेकिन उक्त वार्ड में नई आबादी के बीच बना गड्ढा तालाब में तब्दील है। इस वक्त संक्रमित बीमारियों ने पांव पसार दिया है। लोग डेंगू, मलेरिया और बुखार जैसी अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शासन के माध्यम से यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ के नोडल गांव-गांव पहुंचकर इस तरह की बीमारियों से बचाव के तरीके बता रहे हैं। यूनिसेफ के विशेषज्ञ ने बताया कि साफ और स्वच्छ पानी से ही डेंगू मच्छर का जन्म होता है। एक चम्मच पानी से भी मच्छर पैदा होते हैं। लेकिन यहां कस्बा के वार्ड नंबर 2 में जलजमाव से मच्छरों की पूरी खेप तैयार होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। पूर्व सभासद जुनैद उल्ला फारुकी ने नगर प्रशासन से साफ सफाई कराने की मांग की है।

### नैनी में एक सप्ताह में गायब हुए दो नाबालिग स्कूली बच्चे

**एक छात्र लेबर कॉलोनी से तो दूसरा गंगोत्री नगर से हुआ लापता**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से पिछले एक सप्ताह के अंदर दो नाबालिक स्कूली बच्चों के लापता होने से लोगों में दहशत है। स्कूल व कोचिंग जाने वाले छात्रों के अभिभावक इन दिनों अपने बच्चों को पहुंचाने और लेने जा रहे हैं। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर बच्चों का पता लगाने में जुटी है।

21 सिंतबर को लेबर कॉलोनी नैनी का रहने वाला छात्र शिवांश द्विवेदी 17 पुत्र हनुमत प्रसाद डीपीएस स्कूल का छात्र है। वह अपने घर से ट्यूशन के लिए गया था, लेकिन वहां से वापस घर आते समय रास्ते से ही कहीं गायब हो गया। परिजनों के मुताबिक वह नीले रंग का बैग लेकर ट्यूशन के लिए निकला था। जिसके बाद से वह लापता है। किसी अनहोनी के डर से परिजनों ने बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं प्रतापगढ़ जिले की रहने वाली श्रीमती अनिता श्रीवास्तव का 12 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार श्रीवास्तव अपनी बुआ के घर नैनी के गंगोत्री नगर डांडी रोड पाल मार्केट के समीप रहकर आदर्श इंटर कॉलेज में कक्षा 6 में पढ़ाई करता है। शनिवार की सुबह वह घर से निकला और उसके बाद वह वापस नही लौटा। पिछले एक सप्ताह मे दो स्कूली बच्चों के गायब होने से लोगों मे काफी दहशत व्याप्त है। पुलिस का कहना है वह बच्चों का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## तहसील स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ईश्वरदीन छेदीलाल इं.का. जसरा रहा अव्वल

अखंड भारत संदेश



कुश्ती प्रतियोगिता में दांव आजमाते पहलवान

**जसरा।** खेल में हार जीत का महत्व नहीं होता है बल्कि खेल भावना के साथ प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण होता है। उक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डा०प्रेम प्रकाश सिंह ने श्री ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के मैदान पर तहसील स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के अवसर पर कही। कार्यक्रम में सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाली टीमों में श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा, श्री हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज लालापुर, कृषक इंटर कॉलेज गड़ैया जारी,शिवाजी इंटर कॉलेज पटेल नगर तथा राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ खेल शिक्षक मान सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह जी तथा राजा कमलाकर इंटर कालेज शिक्षक नेता अनुज पांडेय की उपस्थिति से छात्र बहुत उत्साहित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता को खुला घोषित किया। संचालन कर रहे शिक्षक एवम कवि लखन प्रतापगढ़ी ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन जीने की हमको कला चाहिए हमसफर राह में एक भला चाहिए जीतना हारना दो पहलू मगर हारे मन को भी एक हौसला चाहिए। छात्रों के बीच हुए रोमांचकारी प्रतियोगिता के 65 किलोग्राम वर्ग में जहां ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के छात्र योगेश कुमार को प्रथम स्थान मिला,वहीं 70 वर्ग किलोग्राम की प्रतियोगिता में शिवाजी इंटर कॉलेज के उज्जवल सिंह ने बाजी मार दी। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में 45 किलो वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के रितेश कुमार प्रथम रहे तो वहीं 51 किलो वर्ग में शिवाजी इंटर कॉलेज के अंकित यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के छात्र अवनीश यादव को 60 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सब जूनियर वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा की टीम अव्वल रही। इस अवसर पर खेल शिक्षक गालिब अंसारी ,वीरेंद्र कुशवाहा, ओम राजन, अरविंद गौतम ,हरीकृष्ण, चंद्रशेखर, विकास केसरी,राकेश कुमार, अचलेंद्र जयसवाल, सुनील कुमार साहू,कुलभूषण मिश्र ,नन्हे लाल यादव, रंग लाल यादव, रितेश कुमार प्रजापति, वीरेंद्र कुमार,डॉ० सुनीता, शिल्पा यादव, कुसुम शुक्ला, सुरेश कुमार, श्याम सिंह, राजकुमार, श्याम जी, आदि उपस्थित रहे।

## एक ही रात दो स्कूलों से हजारों की चोरी

**बेखौफ चोरों ने कंपोजिट विद्यालय खानसेमरा और लखनपुर को बनाया निशाना**

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** बेखौफ चोरों ने बीती रात दो विद्यालयों से हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर एक विद्यालय में शटर का ताला तोड़कर तो दूसरे में लगे चैनल को टेढ़ाकर अंदर घुसे चोरों ने पंखा, कुर्सी समेत अन्य आवश्यक कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है। एक ही रात में हुई चोरी की दो घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है। विकास खंड शंकरगढ़ में पिछले दो दिन से लगातार परिषदीय विद्यालयों में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। 27-28 की रात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय खानसेमरा और कंपोजिट विद्यालय लखनपुर से हजारों का माल साफ कर दिया। संविलियन विद्यालय खानसेमरा की प्रधानाध्यापक रचना जायसवाल ने पीपीजीसीएल पुलिस चौकी को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात चोरों ने मेन चैनल का ताला तोड़ते हुए अंदर लगा पंखा, कीमती सामान, स्पीकर, माइक, पंखा, डायरी, रजिस्टर, चेकबुक, दरी, कुर्सी आदि पर हाथ साफ कर दिया। कंपोजिट विद्यालय खानसेमरा में चोरों ने कुल तीन आलमारियों का ताला तोड़ा है। तहरीर में प्रधानाध्यापक रचना जायसवाल ने बताया कि इसी साल एक अगस्त को भी विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी की गई थी। विकास खंड शंकरगढ़ में चोरी की दूसरी घटना कंपोजिट विद्यालय लखनपुर की है। बेखौफ चोरों ने यहां लगे चैनल को टेढ़ा किया और अंदर दाखिल हो गए। यहां से चोरों ने सात पंखा, तीन ट्यूबलाइट और बल्ब आदि सामानों पर हाथ साफ किया है।

## भगत सिंह जयंती के अवसर पर आयोजित की गई गोष्ठी

अखंड भारत संदेश




भगत सिंह के 116वी जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में नारे लगाते सदस्य

**घूरपुर।** भगत सिंह के 116वें जन्मदिन के अवसर पर नौजवान भारत सभा के बैनर तले बीकर गांव में बुधवार के दिन गोष्ठी अयोजित की गई।गोष्ठी का प्रारंभ भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नारे लगाए। शहीद भगत सिंह अमर रहे,साम्राज्यवाद का नाश हो, शहीदों तुम्हारी सोच पर पहरा देगे,नदी - पहाड़,जंगल व खेती कारपोरेट को देना बंद करो,महंगी शिक्षा पर रोक लगाओ - व्यवसायीकरण बंद करो,कारपोरेट घरानों का नही गांव के गरीबों का विकास करो, यौन शौषण रोको - दलितों पर हमले बंद करो आदि। वक्ताओं में संजय निषाद ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह का राजनीतिक विकास 3 चरणों में समझा जा सकता है। पहला जब वे एक देशभक्त क्रांतिकारी के रूप में सामने आए। दूसरा जब उनके विचार उग्र रेडिकल क्रांतिकारी के रूप में प्रस्तुत होते हैं। और तीसरा जब वे एक मार्क्सवादी चिंतक क्रांतिकारी के रूप में आजादी के संघर्ष को देख रहे हैं। मुख्य अतिथि विजय चितौरी ने कहा कि भगत सिंह को साम्राज्यवादी पोषक आतंकी व हिंसक बताते हैं, अगर वो हिंसक होते तो असंबली में धमाके व धुएं वाला बम खाली स्थान पर न फेकते और वहा से फरार हो जाते, पर उनका यह कदम भी एक राजनीतिक संघर्ष का हिस्सा था। आज भी इंसान को बेहतर जीवन के लिए अपने संघर्ष में साम्राज्यवाद और उसके दलाल स्थानीय पूंजीपति तथा बड़े जमींदारों के शोषण से मुकाबला करना पड़ रहा है। भारत की मेहनतकश जनता दो तरफ से पिस रही है, एक ओर विदेशी पूजीवाद का खतरा है, दूसरा भारतीय पूजीवाद के धोखेबाज हैं। गोष्ठी के अंत दो प्रस्ताव पारित हुए। पहला इलाहाबाद विश्व विद्यालय की स्नातक की फीस में चार गुना की वृद्धि को वापस लेने के लिए। दूसरा दलितों पर बढ़ रहे हमलों के खिलाफ। बैठक ने हाल में औरैया के 10वी के छात्र निकित दोहरे को, सामंती सोच वाले आरएसएस की मनुवादी विचारधारा रखने वाले अध्यापक ने पीट पीट कर मार डाला, उसमें अध्यापक को जेल भेजने तथा पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुवावजा देने का प्रस्ताव पास किया। विशिष्ट अतिथि आनंद जायसवाल रहे अध्यक्षता संजय निषाद व संचालन भीमलाल ने किया। गोष्ठी को आकृति सागर,रज्जन कोल, रामकैलाश कुशवाहा,सुरेश,अरविंद, अरुन कुमार ने संबोधित किया। रमेश कुशवाहा ने शहीदों की याद में गीत सुनाए।

## श्रद्धांजलि : भगत सिंह को शत शत नमन के साथ मनाई गई जयन्ती

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज के केन्द्रीय कार्यालय गारापुर में बुधवार को कृष्ण बल्लभ द्विवेदी की अध्यक्षता में देश के महान वीर सपूत क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की 115वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने सरदार भगत सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद कर शत शत नमन किया। इस मौके पर नवयुवक ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने कहा कि सरदार भगत सिंह का जन्म पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब के बांगा गांव में हुआ। उनका पूरा परिवार पहले से ही आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ अपनी ओर से जुटा हुआ था परन्तु भगत सिंह भी चार कदम आगे बढ़कर देश के महान क्रांतिकारियों में से एक थे। काफी कम उम्र में ही भगत सिंह ने आजादी की लड़ाई में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। फिर चाहे दिल्ली की असेंबली में बम फेंकना हो, जेल में रहकर भूख हड़ताल करनी हो या फिर ब्रिटिश शासन के एक पुलिस अफसर से बदला लेने की घटना हो। भगत सिंह ने जेल में जाने के बाद काफी पढ़ाई की, किताबें पढ़ी, लेख लिखे, उनके कई लेख आज भी चर्चित हैं और युवाओं एवं देशवासियों में अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा ऐसे वीर सपूत धरती के लाल अपने प्राणों को नैवछावर करते हुए सिर्फ 24 साल की उम्र में ही भगत सिंह को 23 मार्च 1931 को फिरंगियों द्वारा फांसी दे दी गई। हम लोग एक बार फिर उनके जयन्ती के अवसर पर पुनः शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद शुक्ला, पंकज मिश्रा, पंकज शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, शेष नारायण तिवारी, गौतम कुमार मिश्रा, आनंद शुक्ला, विजय कुमार शुक्ला, राकेश पांडे, डब्लू शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, सच्चिदानंद शुक्ला, चिंतामणि शुक्ला, सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत वरिष्ठ गंण उपस्थित रहे।

## मां शीतला का बड़े धूमधाम से निकाला गया कलश यात्रा



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत ग्रामसभा पकरी में स्थित माँ माता शीतला देवी नवनिर्मित मंदिर में माता की प्रतिमा स्थापना को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।सुबह सवेरे से ही महिला श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया। सभी निर्धारित स्थान पकरी गंगा घाट से जल भरकर पैदल माता शीतला मंदिर पहुचीं, जहां मंदिर में निर्धारित स्थान पर कलश रखा गया।इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का अहम योगदान रहा है। स्थापना के बाद संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। बताते चले कि ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे दिल से माता से कुछ मांगता है,उसकी सारी मुरादें पूरी होती है।वहीं इस कार्यक्रम को लेकर आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया है। माँ शितला कलश कार्यक्रम में मुख्य रूप से भक्तगण अतुल विश्वकर्मा, अरुण कुमार, श्रीमती फूलकली, श्रीमती विद्योत्तमा श्रीमती सुशीला , श्रीमती शिलोत्तमा, श्रीमती लक्ष्मी , बिनु कुमार, शीतल ,नंदिनी ,गौरव कुमार आदि बहुत संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते



**जंघई।** नवरात्रि के तृतीय दिवस पर मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल साईंवाटिका चनेथू शरीफाबाद के पंडाल में मां चंद्रघंटा का पूजन अर्चन किया गया।आचार्य धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन अर्चन आरती कराया गया।इस अवसर संकल्प कर्ता रोहित दुबे, आयोजनकताओं में परमिल दुबे, नारायण दुबे, जितेन्द्र दुबे, दिलीप दुबे, अनुज यश दुबे, अनुज बिग्गू दुबे, दीपक, अंबुज, अक्षत, अभिषेक, रिशु, रवि, नितिन, दीपक, निशांत, शिवम, शिवांश, बऊ, अंश, सौरभ सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ धनूपुर में नवरात्र में भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती




**धनूपुर।** नवरात्र के पावन अवसर पर श्री राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में सुबह-शाम पूजन, अर्चन, आरती किया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है। मंदिर के संस्थापक रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज के नेतृत्व में आश्रम के भक्तों द्वारा विभिन्न पुष्पों, फलों एवं पत्तों तथा तोरण एवं झालरों द्वारा भव्य तरीके से श्रृंगार किया गया है। पूजन अर्चन आरती में आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुजाचार्य महाराज, मदन गोपाल मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, चंद्रकांत पांडेय, मनीष पांडेय, सुनील तिवारी, ईश्वर चंद्र शुक्ल, धर्मेंद्र पांडेय, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

## दुर्गा पूजा समिति द्वारा केचुहा में मां काली शक्तिपीठ पर भक्तों लग रहा तांता



**करछना।** दुर्गा पूजा समिति केचुहा की ओर से गांव स्थित मां काली सिद्ध पीठ पर शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करके प्रतिदिन पूजन अर्चन किया जा रहा है ।जिसमें भक्त जनों की भीड़ जुट रही है ।वही पूजा पंडाल मां के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है। दुर्गा पूजा समिति केचुहा के अध्यक्ष हिमांशु कुमार तिवारी ने बताया कि आचार्य पं कमला शंकर शुक्ल की मौजूदगी में शारदीय नवरात्र में पूजन अर्चन चल रहा है। वही सुबह शाम मां भगवती की आरती में भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। वही समिति के आलोक द्विवेदी विकल द्विवेदी आदर्श तिवारी ऋषभ तिवारी आकाश तिवारी करण तिवारी शिवम मिश्र अमन आर्यन आशीष उत्सव समीर अर्पित भोले तिवारी अभिषेक कार्तिक आयुष बबूआन विश्वकर्मा संजय निखिल शुक्ल की ओर से रात्रि में जागरण भी किया जा रहा है।

## चनेथू शुक्लान चौरा माई धाम में भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती



**जंघई।** शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों एवं पंडालों में सुबह-शाम से मां के दर्शन पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान देवी भक्तों द्वारा चनेथू शुक्लान में जय मां चौरा देवी धाम में पहुंचकर पूजन-अर्चन आरती किया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने घरों में कलश की स्थापना करने के साथ ही नौ दिनों का व्रत भी किया है।कृष्ण मोहन शुक्ला, बाबुल नाथ शुक्ला, राजेंद्र ऑपरेटर, प्रदुम शुक्ला, आदर्श शुक्ला, ओम ओझा, अंकित प्रजापति, अमरजीत प्रजापति, अंकेश प्रजापति, शिवा प्रजापति, शशांक शुक्ला, ऋषि शुक्ला, संतोष शुक्ला, वेद शुक्ला, राज शुक्ला, आशुतोष पांडेय, मनीष शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, प्रदीप मिश्रा, शुभम मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, रिशु शुक्ला, गोपाल शुक्ला, रितेश शुक्ला, अनुराग शुक्ला, प्रांशु शुक्ला, रतन मिश्रा, रितिक शुक्ला आदि लोग प्रतिदिन पूजा में मौजूद रहते हैं।

## भोपतपुर में आज होगा भगवती जागरण

**सहसों।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन गुरुवार को मां कुष्मांडा देवी का हवन पूजन के बाद सायंकाल जय मां दुर्गा जागरण कमेटी पड़ान भोपतपुर सहसों द्वारा आज गुरुवार को भव्य देवी जागरण का आयोजन भोपतपुर में किया गया है। जिसमें टी सीरीज चैनल से भोजपुरी गायक श्याम शंकर, भजन गायिका पूर्णिमा शुक्ला, विशाल, राजकुमार अनजाना आदि भक्तों के सामने भजन, भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी आयोजक कौशलेंद्र पांडेय ने दी।

## रामलीला सनातन संस्कृति को सुदृढ़ बनाती है : लहरी भइया

**मेजा रोड।** विगत वर्षों की भांति इस साल भी सनातन हिंदू संस्कृति को सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए क्षेत्र की रामलीला समितियों को वरिष्ठ समाजसेवी श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया द्वारा भरपूर आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में कल रात लहरी भइया मिजार्पुर जनपद के जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर कसधना गांव के बहुत पुराने बने बाबा लालनाथ रामलीला मंच पर पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। पचासों वर्षों से निरंतर होनेवाली यहां की रामलीला की प्रशंसा करते हुए लहरी भैया ने कहा कि गांव गांव में रामलीला मंचन करने से हिंदू सनातन संस्कृति सुदृढ़ और मजबूत होती है। रामलीला मंचन से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक सौमनस्य की स्थापना होती है। बच्चों के संस्कार निर्माणऔर चरित्र निर्माण में मजबूती आती है ' उन्होंने यहां 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में आनेवाली कठिनाइयों में हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए उम्मीद जाहिर की कि भविष्य में भी यहां की रामलीला अबाध गति से चलती रहेगी।इस अवसर पर ब्यास गणेश बाबा गिरी, छात्र नेता हेमंत तिवारी, अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय, संचालक विनोद कुमार दूबे, स्थानीय ब्यास प्रमोद कुमार दूबे,पूर्व प्रधान दीपक पाण्डेय, गप्पी तिवारी, बलराम जी, रमा शंकर तिवारी, राजेश पांडेय, बऊ पांडेय, विनोद पांडेय, अनिल पांडेय के साथ साथ हजारों ग्रामवासी एवम क्षेत्र वासी मौजूद थे।

## राम जन्म लीला का किया गया मंचन

**हनुमानगंज।** कोटवा स्थित कृष्णगढ़ रामलीला कमेटी द्वारा मंगलवार को श्री राम जन्म लीला का मंत्र मुक्त मंचन किया गया। शुक्रवार को पं. दीनानाथ शुक्ल विधि विधान से भूमि पूजन कराते है जिसके बाद राम लीला का आरम्भ होता है। गुरु वशिष्ठ के कहने पर राजा दशरथ संतानोत्पत्ति के लिए यज्ञ करते है। शृंगी ऋषि यज्ञ कराते हैं। जिसके बाद फिर बच्चों के रोने की आवाजें सुनाई देती हैं और खुशी का संगीत बजने लगता है। अगले दृश्य में रामजन्म के समाचार से राजा दशरथ सहित संपूर्ण अयोध्या में खुशी छा जाती है। सुमंत महाराज दशरथ को बताते हैं कि महाराज प्रजा में हर्ष व्याप्त है लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। प्रजावासी नाचते गाते हैं। अवधपुरी में आनंद हुआ है। राजकुमारों का जन्म हुआ है घर घर दीप जले मंगल द्वार सजे गीत संगीत मंत्रमुग्ध करने वाला होता है। मंचन के दौरान फूलचंद बाजपेई, आमोद सिंह, विमल बाजपेई, अंशुमान सिंह, गोलू, शनि सिंह, राहुल दुबे, अंकुल, हिमांशू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## जरा रुको मेरे हमदम, अगर आए हो दुनिया में...

**हास्य और श्रृंगार रस के कवियों ने कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज में सजाई महफिल**

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** हिंदी को समृद्ध करने के उद्देश्य से मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा के तहत बुधवार को कैंब्रिज हाईस्कूल एंड इंटर कालेज (पंखा टोला) में काव्य संध्या समारोह 2022 का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ हास्य कवि बिहारीलाल अंबर समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई।

विद्यालय प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने हिंदी की दशा और दिशा पर प्रकाश डालते हुए सभी से हिंदी के दैनिक जीवन में प्रयोग पर बल दिया। कहा, हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग ही हिंदी को उसका स्थान दिला सकता है। इसके बाद मंच पर कवियों ने अपनी रचनाओं के जरिए हिंदी की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला। शिवनरेश भारती ने अपनी रचना- तहसील, चौराहों और बस अड्डों पर जड़ी-बूटी बेचने वालों की बोली में अपनी बात कहकर लोगों को गुदगुदाने का प्रयास किया। शिवनरेश भारती ने अपनी अगली रचना में कहा- बेटियां कहीं भी रहें, मां-बाप से जुड़ी रहती हैं... के जरिए बेटियों की स्थिति पर प्रहार किया। दर्शकदीर्घा में बैठे लोगों ने तालियों के जरिए शिवनरेश भारती का हौसला बढ़ाया। इसके बाद हास्य कवि बिहारीलाल अंबर ने अपनी रचना - मेरी हिंदी का चारों तरफ हो चलन, जिसके शब्दों से महके हमारा वतन..., सूरत, तुलसी, बिहारी, घनानंद हैं और मीरा, कबीरा के भी छंद हैं... के जरिए हिंदी को नई ऊंचाई प्रदान की। बिहारीलाल अंबर ने भी अपना रचना से हिंदी को समृद्ध करते हुए खूब तालियां बटोरी। गीतकार डा. पीयूष मिश्र ने अपनी रचना- न वो खंजर उठाते हैं, नहीं गोली चलाते हैं, असल इंसान की फितरत को वो पहचान लेते हैं...और मौन को स्वर मुखर दीजिए, हर गली-हर गली फूल में प्रेम का भाव भर दीजिए के जरिए लोगों को आयोजन से जोड़े रखा। श्रृंगार रस की कवियित्री डा. रंजीता समृद्धि ने अपनी रचना- जरा रुको मेरे हमदम, अगर आए हो दुनिया में, मोहब्बत कर दिखाना तुम, न जाना रूठ कर, वरना दिल टूट जाएगा और कथा अब राम की देखो, यहां रावण सुनाते हैं, सभी झूठे युधिष्ठिर का वंशज बताते हैं... के जरिए सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया। प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सभी कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।इस आयोजन में हास्य कवि बिहारी लाल अंबर, शिवशंकर शरारती, श्रृंगार रस के कवि डा. रंजीता स्मृद्धि, गीतकार डा. पीयूष मिश्र, मोबस्सिर फूलपुरी, अजय प्रेमी, शिवनरेश भारती और विपिन बिहारी त्रिपाठी, मणिशंकर दुबे, प्रताप बहादुर सिंह,बालेंद्र पांडेय, मनोज तिवारी,सभासद सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, अनूप केसरवानी, नरेंद्र गुप्ता, टमाटर गुरू, हेमराज जादूगर, सौरभ प्रकाश, सुधीर कुमार नागरे और धर्मराज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## बंटवारे को लेकर मार पीट दोनों ओर से नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सराय लहरी गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर बहू और ससुर में हुई मार पीट दोनों ओर से तहरीर के आधार पर पुलिस ने नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय लहूरी निवासनीय सीमा देवी पत्नी चिन्तामणि का आरोप है कि उसको घर में हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। इसी बात को लेकर उसे मारा पीटा गया। सीमा देवी ने मऊआइमा थाने में सास ननकी देवी ,ससुर सीताराम ,ननद संजू ,ननदोई पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

उधर दूसरे पक्ष के सीताराम पुत्र नोखई ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अपने पुत्र चिन्तामणि ,बहू सीमा देवी ,तथा सीमा की दो बहनें नाम अज्ञात भाईयों नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



छात्रों को संबोधित करते शरद मिश्र

**घूरपुर।** विकास खंड चाका का ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम दांदूपुर स्थित करमा नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चाका अनिल कुमार पटेल एवं विशिष्ट अतिथि केएनपीसी के निदेशक डॉ एम.आई. खान एवं प्रशासक करमा नर्सिंग कॉलेज एहतेशाम खान रहे। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं तथा सरकार द्वारा डी.बी.टी. के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता- मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खातों में प्रेषित किये जाने, निपुण भारत मिशन, दीक्षा एप एवं ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयों पर स्थानीय प्राधिकारी, ग्रामप्रधानों जन प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान कर उन्मुख किया गया। एवं इनके माध्यम से कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में छात्र छात्राओं, अभिभावकों एवं समुदाय को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। संगोष्ठी में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने, आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर की जानकारी, स्थानीय प्राधिकारी एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से अभिभावकों को दीक्षा एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने आदि के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी चाका कैलाश सिंह ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया एवं भेट स्वरूप उन्हें निपुण भारत लक्ष्य का स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बगबना द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय तिगनौता एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहिनुद्दीनपुर के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन शरद कुमार मिश्र ने किया। निपुण भारत मिशन की स्लाइड प्रस्तुति एआरपी शशिकांत ने, निपुण भारत मिशन और जन समुदाय को सहभागिता पर एआरपी अरविंद मिश्र ने, निपुण भारत को जनांदोलन बनाने के संबंध में एआरपी सुधीर पाण्डेय ने, निपुण लक्ष्य सूची तालिका पर एआरपी सावित्री ने, गणित, विज्ञान किट एवं हस्तपुस्तिका पर एआरपी विवेक मिश्रा ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विकास खंड चाका के सभी ग्राम प्रधान, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षा समिति के अध्यक्ष, प्रधान संघ चाका की अध्यक्ष नीलम पथिक, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमर सिंह, मंत्री राजेंद्र कुशवाहा, जूनियर संघ चाका के अध्यक्ष संजय जायसवाल, राजेंद्र पाण्डेय, मनोज कुमार, संदीप गुप्ता, कमर सुल्ताना, राजेश कुमार मिश्र, डॉ. डी. के. सिंह, डॉ. पुष्पांजलि आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### झूंसी में लोक आराधना के अन्तर्गत कार्यक्रम आज सायं 6 बजे

**झूंसी।** लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान झूंसी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 29 सितंबर 2022 शाम 6:00 बजे लोक आराधना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रीमती जया पांडे द्वारा अवधी (देवी गीत) का गायन एवं सृष्टि धर महतो झारखंड के द्वारा महिषासुर मर्दिनी (छाऊ नृत्य) का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। लोक आराधना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी देवी पटेल सांसद फूलपुर तथा विशिष्ट अतिथि श्री प्रवीण पटेल विधायक झूंसी होंगे। कार्यक्रम में लोक कला एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक श्री अतुल द्विवेदी की भी गरिमामई उपस्थिति रहेगी।

# इलाहाबाद विवि : प्रॉक्टर से मारपीट, धमकी में चार नामजद, 50 अज्ञात पर भी केस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर हर्ष कुमार ने मारपीट समेत अन्य आरोपों में कर्नलगंज थाने में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान उनसे मारपीट की गई। साथ ही गालीगलौज करते हुए जान से मारने को धमकाया गया। मामले में चार नामजद व 50 अज्ञात पर केस लिखा गया है। प्रॉक्टर ने तहरीर में बताया है कि 22 सितंबर को दोपहर में प्रदर्शन के दौरान जमा कुछ लोगों ने विवि के छात्रसंघ भवन के पास स्थित मुख्य द्वार का ताला बलपूर्वक तोड़ दिया। सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो उनसे गालीगलौज व धक्कामुक्की की।

सूचना पर वह पहुंचे तो अभद्रता करते हुए उनसे मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि सत्यम कुशवाहा के उकसाने पर आदर्श भदौरिया ने उन्हें पीटा। गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आयुष प्रियदर्शी, जीतेंद्र धनराज व 50-60 अज्ञात लोग भी मौजूद थे। कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि लोकसेवक पर हमला, धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।



### आंदोलन में शामिल न होने पर छात्र की पिटाई

इविवि में फीस वृद्धि के खिलाफ चल रहे आंदोलन में शामिल न होने पर छात्र नमन पांडेय को पीटा गया। एमए द्वितीय वर्ष के छात्र नमन ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को वह अंग्रेजी विभाग में क्लास करने गया था। इसी दौरान उसके साथ पढ़ने वाला अश्वनी कुमार निवासी कुंडा प्रतापगढ़ पहुंचा और उस पर आंदोलन में शामिल होने का दबाव बनाने लगा। इंकार पर बाहरी लोगों को बुलाकर पिटाई कर दी। साथ ही शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि एक नामजद व अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट लिखकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### वीसी कार्यालय की छत पर चढ़कर खुदकुशी की धमकी देने में 12 नामजद

इविवि कुलपति कार्यालय की छत पर चढ़कर खुदकुशी की धमकी देने के मामले में 12 नामजद व 150 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। प्रॉक्टर हर्ष कुमार की तहरीर पर यह केस लिखा गया है। इसमें उन्होंने बताया है कि 20 सितंबर को एक जुलूस कुलपति कार्यालय पर पहुंचा। इसी दौरान आयुष प्रियदर्शी वीसी कार्यालय की छत पर गैस सिलेंडर लेकर चढ़ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। उसे उतारकर पुलिस को सौंपा गया।आरोप है कि वीसी कार्यालय भवन हेरिटेड बिल्डिंग है और इसे क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से ही यह कृत्य किया गया। इसके बाद तीन-चार लोगों ने पेट्रोल पी लिया और कुछ ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। इससे परिसर में अफरातफरी मच गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि सत्यम कुशवाहा, आदर्श सिंह भदौरिया, नितिन मलिक, आयुष प्रियदर्शी, अजय सिंह सम्राट, इंद्रजीत मौर्य, आशुतोष पटेल, जीतेंद्र धनराज, सुधीर यादव क्रांतिकारी, अमित पांडेय, हरेंद्र यादव, संदीप वर्मा को नामजद किया गया है।

# इलाहाबाद के एडीजे प्रथम निलंबित

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रशासनिक कमेटी ने भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद इलाहाबाद जिला न्यायालय के एडीजे प्रथम राम किशोर शुक्ल को निलंबित कर सोनभद्र जिला न्यायालय से संबंद्ध कर दिया है। साथ ही उनके कोर्ट रूम और चैंबर को भी सील कर दिया है। इस कार्रवाई से बुधवार को जिला न्यायालय में खलबली मची रही। जिला जज की कोर्ट में भी सुनवाई नहीं हो सकी।मामले में जांच कर रही टीम ने जिला न्यायालय पहुंचकर दिन भर पत्रावलियों की जांच की। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासनिक कमेटी की अब तक यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। यह कार्रवाई पूरे दिन अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बनी रही। पत्रावलियों की जांच के बाद देर शाम सील तोड़कर एडीजे प्रथम के कोर्ट रूम और चैंबर को खोल दिया गया।इसके पहले मंगलवार की रात तकरीबन एक बजे जिला न्यायालय पहुंचकर जिला जज संतोष कुमार राय ने एडीजे प्रथम के चैंबर और कोर्ट रूम को सील कर दिया। इसके बाद सुबह पहुंची हाईकोर्ट की टीम ने पत्रावलियों की जांच शुरू कर दी। यह जांच दिन भर चली। जिला जज ने पत्रावलियों को उपलब्ध कराया। इस वजह से जिला जज की कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। केसों को दूसरी कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। कहा जा रहा है कि एडीजे प्रथम के खिलाफ यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के मामले को लेकर हुई है। कहा जा रहा है कि उनके खिलाफ कई शिकायतें मिलीं थी। इस वजह से हाईकोर्ट की प्रशासनिक कमेटी ने यह कार्रवाई की है।

### कचहरी में न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार में फेरबदल

जिला न्यायालय में हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से जारी अधिसूचना पर बुधवार को न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार में फेरबदल किया गया। अनिरुद्ध कुमार तिवारी को अपर जिला जज प्रथम, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, चंद्रपाल द्वितीय अपर जिला जज कक्ष संख्या दो व विकास श्रीवास्तव को विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट बनाया गया।

# फीस वृद्धि के मुद्दे पर वार्ता को बनी कमेटी आंदोलनकारियों से मांगी वैध छात्रों की सूची

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों से वार्ता के लिए इविवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों की संयुक्त रूप से कमेटी गठित कर दी गई है। हालांकि, आंदोलनकारियों की ओर से वार्ता के लिए प्रस्तावित नामों की लिस्ट को इविवि प्रशासन ने खारिज कर दिया है। इविवि प्रशासन ने वार्ता के लिए वैध छात्रों की लिस्ट मांगी है।फीस वृद्धि के खिलाफ जारी आंदोलन को ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने डीएसडब्ल्यू, चीफ प्रॉक्टर एवं वरिष्ठ शिक्षकों और जिला प्रशासन के अफसरों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति ने बुधवार को नॉर्थ हॉल में छात्रों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। वार्ता के लिए संयुक्त संघर्ष समिति और एबीवीपी की ओर से दो अलग-अलग लिस्ट दी गई थी, लेकिन समिति ने इस लिस्ट को खारिज कर दिया।संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ. ऋचा सिंह समेत 16 छात्र नेताओं की लिस्ट दी गई थी। समिति ने पाया कि इनमें से वर्तमान में 2 ई भी इविवि का छात्र नहीं है। यहां तक कि आमरण अनशन कर रहे छात्र नेता अजय यादव सम्राट और अखिलेश यादव भी अब इविवि के छात्र नहीं हैं। एबीवीपी की ओर से दी गई आठ छात्र नेताओं की लिस्ट में आलोक त्रिपाठी एवं संदीप वर्मा ही इविवि के छात्र हैं, बाकी छह छात्र नेता इविवि के छात्र ही नहीं हैं। समिति के सदस्यों ने वैध छात्रों



से वार्ता के लिए दो घंटे प्रतीक्षा करने के बाद निर्णय लिया कि वैध छात्रों से वार्ता के लिए 29 सितंबर को भी नॉर्थ हॉल में उपस्थित रहेंगे, लेकिन इस दौरान छात्रसंघ के पूर्व सदस्यों, निलंबित छात्रों, अन्य कॉलेजों के छात्रों या पूर्व छात्रों से वार्ता नहीं की जाएगी। पीआरओ डॉ. जया कपूर का कहना है कि इस लिस्ट से स्पष्ट है कि कैंपस में अराजकता कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते फैलाई जा रही है। पीआरओ का कहना है कि इनमें से कुछ लोगों ने अंग्रेजी विभाग में घुसकर आंदोलन में जाने से मना कर रहे एक छात्र की बेल्ट से पिटाई की। इसी वजह से विश्वविद्यालय की ओर से जिला प्रशासन से इन अराजक तत्वों को परिसर से हटाने का आग्रह किया जा रहा है।

# बड़ौदा यूपी बैंक ने लगाई चौपाल लोगों को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा कोरांव द्वारा कोरांव नगर से सटे नवीन आजीविका कार्यालय तराव गांव में गणेश प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में एक चौपाल लगाकर बैंक की योजनाओं व बैंक के माध्यम से भारत सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से रूबरू कराया गया। यूपी बड़ौदा बैंक के शाखा प्रबंधक त्रिवेणी शंकर पांडेय ने चौपाल में मौजूद सभी समूह की महिलाओं व पुरुषों को बैंक द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट दिनेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित अवस्थी व विकास सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रही।



# हेड कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 10 अक्तूबर से

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2022 का आयोजन 10 से 20 अक्तूबर तक ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। परीक्षा के लिए देश भर में 2358535 अभ्यर्थी पंजीकृत है, जिनमें से 647882 अभ्यर्थी एसएससी मध्य क्षेत्र, प्रयागराज के तहत परीक्षा में शामिल होंगे। एसएससी मध्य क्षेत्र के तहत यूपी और बिहार में प्रयागराज समेत 17 जिलों के 82 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज में नौ केंद्र बनाए गए हैं और यहां 51360 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। वहीं, सर्वाधिक 99592 परीक्षार्थी कानपुर के 11 केंद्रों में परीक्षा देंगे। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी और यह तीन पालियों में होगी।पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से 10.30, दूसरी पाली की अपराह्न एक से 2.30 और तीसरी पाली की परीक्षा शाम पांच से 6.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र में रिपोर्ट करनी होगी। विलंब से आने वालों को किसी भी सूरत में केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से चार दिन पहले अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकेंगे।एसएससी मध्य क्षेत्र के प्रयागराज और कानपुर के साथ यूपी के आगरा, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, झांसी, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर एवं वाराणसी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, बिहार में पटना, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर, आरा एवं भागलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का अभियुक्त

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सेननगर तिराहे से की गई है। आरोपी के खिलाफ लिखा पढ़ी की जा रही है। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी के संबंध में मुखबिर के जरिए सूचना मिली। इसके आधार पर दरोगा विवेक कुमार राय ने अपनी टीम के साथ सेननगर तिराहे के पास घेराबंदी की आरोपी रंजीत धरिकार पुत्र मालिक धरिकार (निवासी ग्राम पुराना पुल, कीडगंज, मूल निवासी ग्राम कंचनपुर, थाना पनवार, रींवा, मध्यप्रदेश) को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 504, 376 और पाक्सो एक्ट का केस दर्ज है।




# पानी के लिए तरस रहा बारा कोई सुनवाई नहीं

अखंड भारत संदेश

**बारा।** बारा खास क्षेत्र हजारों की आबादी वाला आज पानी के लिए तरस रहा है।पानी के लिए दूरदराज से जाकर ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हो गए हैं।उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए अभी तक जिला प्रशासन की ओर से कोई प्रयास ही नहीं किये गए।जबकि इसके समाधान के लिए जिला पंचायत सदस्य से लेकर स्थानीय प्रतिनिधि भी समाधान दिवस में गुहार लगा चुके हैं लेकिन इन्हें आश्वासन के अलावा कुछ मिला ही नहीं,पानी की समस्या आज भी पहले की तरह ही बरकरार है।बारा क्षेत्र एक सघन आबादी वाला क्षेत्र है और सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए अनेक सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना चाह रही है। अब तो इन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है।इस समय जो पानी की टंकी बनाई गई है, वह पर्याप्त नहीं है। इसका निर्माण जलनिगम द्वारा किया गया था और अब इसमें पानी का रिसाव होता रहता है जिससे सब पानी बह जाता है और लोगों को पानी मिल ही नहीं पाता। बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने कहा कि इस सम्बंध में एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत की गई है, जल्द से जल्द पानी की समस्या दूर कर दी जायेगी।उपजिलाधिकारी बारा शुभम यादव ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत की जायेगी और अभी तत्काल प्रभाव से पानी के टैंकर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी जिससे तत्कालिक समाधान हो सके।सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्या शीघ्र सुलझा दी जायेगी।

# हिंदी को आत्मसात करने की जरूरत : संजय कुदेशिया

अखंड भारत संदेश

## हिंदी दिवस के समापन पर इफको में आयोजित हुआ समापन समारोह

**फूलपुर।** हिंदी भाषा व साहित्य का विकास करना है तो हमे इसे आत्मसात करना होगा। अन्य देश अपनी भाषा का प्रयोग करते है जबकि हमें अंग्रेजी से अनुवाद की आवश्यकता पड़ती है इसलिए हिंदी भाषा को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। उक्त बातें बुधवार को इफको में आयोजित हिंदी दिवस के समापन समारोह का द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुए इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदार सम्मान, शमशेर सम्मान व अन्य सम्मानों से विभूषित हरिश्चंद्र पाण्डेय ने कहा कि हिंदी भाषा का क्षेत्र काफी विशाल है इसकी सहायक भाषाएं जैसे ब्रज, रूहेलखंडी, भोजपुरी आदि इसे और भी मजबूत बनाती है। प्राचीन काल से अब तक हिंदी भाषा के ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी से हमें कुछ भी सीखना नहीं होता क्योंकि यह हमारे जन्म से जुड़ी हुई होती है। इस दौरान ओम बाल विद्या मंदिर के छोटे बच्चों द्वारा हिंदी की कविताएं सुनाई गई जो कि समापान समारोह में आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान नारा प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। छात्र एवं छात्राएं वर्ग से नारा प्रतियोगिता में अनता शर्मा प्रथम,



समापन समारोह में उपस्थित इकाई प्रमुख को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते इफको के अन्य अधिकारी

आश्रित वर्ग से मधु श्रीवास्तव तथा कर्मचारी वर्ग से संतोष कुमार शुक्ल प्रथम स्थान पर रहे। वहीं निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गो से यशिता शर्मा, अनिवेश मिश्र, वंदना पाण्डेय तथा संतोष कुमार सिंह प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन संयुक्त महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) व हिन्दी कार्य समीक्षा समिति के सचिव संतोष कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विरिष्ठ महाप्रबंधक गिरीधर मिश्र ने किया। मौके पर संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, पी.के.पटेल विभागाध्यक्ष मानव संसाधन दानवीर सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी संजय कुमार मिश्र, अरवेन्द्र कुमार के साथ ही इफको के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नरेश उत्तम पटेल को मिला वफादारी का इनाम : एसबी यादव

**प्रतापपुर।** रमाबाई अंबेडकर मैदान लखनऊ में प्रांतीय और राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन बुधवार को नरेश उत्तम पटेल को एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं चुनाव प्रभारी प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने उनके नाम की घोषणा किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दो सेटों में एक ही नामांकन आया था नामांकन पत्रों की जांच के बाद सर्वसम्मति से नरेश उत्तम पटेल को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। गुरुवार को अखिलेश यादव को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना है ऐसे में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एसबी यादव, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नसीरउद्दीन राईन, प्रतापपुर विधानसभा प्रभारी रंगी लाल यादव, एवं नि.प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोहिया वाहिनी मुराद मंसूरी ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को बधाई दी।इस दौरान एसबी यादव ने बधाई देते हुए कहा कि नरेश उत्तम पटेल पार्टी के वफादार तथा संगठन के प्रति ईमानदार मेहनती व्यक्ति हैं इनके कुशल नेतृत्व में समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनाव में दोगुना से अधिक सीटें जीती थीं इसमें कोई संदेह नहीं है इनके नेतृत्व में 2027 में पार्टी पूर्ण बहुमत में सरकार बनेगी।इस दौरान वाजिद तुफानी, विरेन्द्र यादव, मोहम्मद इरफान, महेंद्र गुप्ता, परवेज आलम,हासिम प्रधान, अखिलेश यादव, मुनेश मौर्य, चन्द्र जीत यादव, सुरज यादव, फिरोज राईन, सौरभ यादव, यहिया सिद्दीकी, रवीन्द्र पाल, ध्रुव विश्वकर्मा, कमल यादव, संतोष पटेल, कृष्ण कुमार कनौजिया, मोहम्मद अशरफ,ओम प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक कर रक्तदान को लेकर किया जागरूक



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** रक्तदान को महादान का दर्जा दिया गया है, क्योंकि आपका यह दान किसी इंसान की जिंदगी बचा सकता है। मगर लोग इस दान को लेकर अभी भी जागरूक नहीं है। कुछ महापुरुषों की जयंती पर सामाजिक संस्थाएं सामने आती है और रक्तदान का कार्यक्रम चलाया जाता है जबकि अन्य समय में रक्तदान शिविर कम ही देखने को मिलते हैं कारण एक ही है कि लोग इसके प्रति जागरूक नहीं है। लोगों में इसी जागरूकता को लेकर बुधवार को मेजा रोड बाजार के गोल चौराहे पर इफोरियल युथ सोसाइटी की तरफ से जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें संस्थान की तरफ से मौजूद छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों रक्तदान करने के लिए जागरूक करते हुए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिवेश जयसवाल, उपाध्यक्ष अनीष पांडेय, गगन सिंह पब्लिक पीआरओ, डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी, रवि सचदेव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक में बताया 'स्वैच्छिक रक्तदान' का महत्व , दूर की भ्रांतियां

**नैनी।** यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, नैनी ने एनजीओ यूफोरियल यूथ सोसाइटी, प्रयागराज के सहयोग से बुधवार को यूनाइटेड ऑडिटोरियम में 'स्वैच्छिक रक्तदान' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर यूथ सोसाइटी के स्वयंसेवकों ने रक्तदान के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से उन्होंने बताया कि रक्त का स्वैच्छिक दान क्यों महत्वपूर्ण है और रक्तदान करने के बाद व्यक्ति को किस प्रकार के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। नाटक के माध्यम से रक्तदान से संबंधित कई प्रकार की भ्रांतियां जैसे रक्तदान करने से शरीर का कमजोर होना, बीमार होना, खून की कमी होना आदि भी दूर की गई। इस अवसर पर बोलते हुए यूफोरियल यूथ सोसाइटी के संस्थापक देवेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रही संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से रक्तदान करने की अपील की। यूआईटी-एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मानस पांडेय ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को मानव जीवन बचाने के लिए रक्त की बढ़ती जरूरत और मांग के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया ताकि वे इसमें अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर यूजीआई के पीआरओ राजेश श्रीवास्तव सहित संकाय सदस्य अमिताभ श्रीवास्तव, अमित तिवारी, कुलदीप सिंह और छात्र मौजूद थे।



# अधिकारियों की मौजूदगी में चलाया गया वृक्षारोपण अभियान

**मेजा रोड।** मेजा के गौरा, तेन्दुआ कला गांव मे पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के अवसर पर खंड पुलिस क्षेत्राधिकारी मेजा-खंड विकास अधिकारी मेजा ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु वृक्षारोपण किया।बता दें कि। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत ग्राम पंचायत तेन्दुआ कला गांव के गौरा मजरे में स्थित अमृत सरोवर तालाब पर बुधवार को सीओ मेजा के नेतृत्व में वृक्षारोपण करते हुए वृक्षों को मानव जीवन के लिए उपयोगी बताया गया। कार्यक्रम का आयोजन होमगार्ड कमांडेंट की ओर से किया गया था।वृक्षारोपण के मौके पर वृक्षारोपण कर सीओ मेजा विमल किशोर मिश्र ने कहा कि वृक्षों से सभी को नई ऊर्जा मिलने के साथ इससे पर्यावरण का भी संरक्षण होता है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए। खंड विकास अधिकारी सईद अहमद ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु के साथ फल फूल लकड़ी ईंधन देते हैं। इसलिए मानव जीवन के लिए वृक्ष बहुत उपयोगी हैं। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने हेतु प्रति व्यक्ति को पौधों का रोपण कर इसमें भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसे में वृक्षों का रोपण और उनका संरक्षण बहुत आवश्यक है। उक्त अवसर पर उपस्थित थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ जल संरक्षण भी बहुत आवश्यक है। क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गुलाबकली, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय, सिगरेटरी श्याम सूरत, सिगरेटरी राजेश तिवारी, भाजपा नेता राजेश धनगर, बाबा जायसवाल, राजबली प्रजापति सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।




## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल वर्ष 2013 का अंक पत्र और प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2128431 वास्तव में कहीं खो गया है।

**कुमारी किरण कुमारी पुत्री राजकुमार ग्राम व पोस्ट साजी कोराव प्रयागराज।**

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को पूरी गम्भीरता से करें संचालितः डीएम

## बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिलाधिकारी ने किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जन्म मृत्यु पंजीकरण की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के सभी विकास खण्डों में 02-02 टीमे जिसमें डाक्टर एवं पैरामेडिकल तथा नर्स कार्यरत है। वर्तमान में कुल 53 मेडिकल आफिसर, 37 पैरा मेडिकल स्टाफ एवं 23 ए0एन0एम0 के माध्यम से विकास खण्डों में माइक्रोप्लान के अनुसार प्रति विद्यालय एवं 02 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सम्बन्धी बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

जिलाधिकारी ने विकास खण्डवार तैनात टीमों के द्वारा किये गये स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनके द्वारा उपचारित तथा रेफर किये गये बच्चों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि विकास खण्डवार तैनात टीमों में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक टीम में डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती अवश्य हो, अपने स्तर से इसकी समीक्षा कर अवगत कराये। उन्होने मंगरौरा में कार्यरत डाक्टर अरूण गुप्ता जिनका स्थानान्तरण मानधाता किये जाने से मंगरौरा की टीम में मेडिकल आफिसर न होने पर नाराजगी जतायी और डाक्टर अरूण गुप्ता को पुनः मंगरौरा में तैनात करने का निर्देश दिया। डीपीएम द्वारा अवगत कराया गया कि अगस्त तक कुल 12 हजार बच्चों का परीक्षण आरबीएसके टीम द्वारा किया गया है जिनमें 06 बच्चों में जन्मजात रोग पाया गया है। इसी तरह टीमों द्वारा किये गये रेफरल की समीक्षा की जिसमें पाया गया कि सांगीपुर में तैनात दोनो टीमों द्वारा 300 बच्चों को रेफर किया गया जबकि लालगंज में मात्र 85 तथा कुण्डा में मात्र 37 बच्चों को रेफर किया गया है। जिलाधिकारी ने इन टीमों में तैनात डाक्टरों से इस सम्बन्ध रेफर किये गये बच्चों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी करने पर कोई उत्तर नही दे सके जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त तथा निर्देशित किया कि माह अक्टूबर का माइक्रोप्लाइन बीएसए को उपलब्ध करा दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, डीपीएम राज शेखर, नोडल अधिकारी डा0 आर0के0 राम, आरबीएसके टीम में कार्यरत मेडिकल आफिसर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज प्रताड़ना के चलते विवाहिता की हत्या पर पति के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दहेज प्रताडना के चलते विवाहिता की हत्या को लेकर एएसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के सासूपुर महियामऊ निवासी अजय कुमार पुत्र सुनील ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी बहन सुमन का विवाह आठ वर्ष पूर्व लालगंज कोतवाली के केशवपुर गांव में छितानू पुत्र झुरई के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही आरोप है कि पति व ससुराल के लोग दहेज को लेकर सुमन को प्रताड़ित किया करते थे। कई बार आपसी पंचायत के बावजूद भी आरोपी पति द्वारा दहेज में पचास हजार रुपए व बाइक की मांग को लेकर सुमन के साथ मारपीट की जाती थी। बीती उन्नींस सितंबर को सुबह साढ़े पांच बजे आरोप है कि पति ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उसकी बहन की हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए पति ने बहन का शव पेड़ की डाल में फंदे पर टांग दिया था। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतका के शव का पीएम करवाया। इसके बावजूद पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा नही दर्ज किया। पीडित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर वहां मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र से आपबीती सुनाई। एएसपी की फटकार पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी पति छितानू व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा हत्या का केस दर्ज किया है। मृतका सुमन अपने पीछे चार वर्ष की मासूम पुत्री शिवांगी को निराश्रित छोड गयी है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राहक सेवा केन्द्र से लोगों को मिलेगी सहूलियतः कंचन

## सुवंश चौराहे पर खुला ग्राहक सेवा केन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** तहसील कुंडा के बेंती रोड सुवंश चैराहे पर बड़ौदा यूपी बैंक का ग्राहक सेवा केन्द्र खोला गया। जिसका शुभारंभ बड़ौदा यूपी बैंक शाखा नई बाजार के शाखा प्रबंधक कंचन कुमार वर्मा ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा को लेकर ग्राहक सेवा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया है। कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। इसके पूर्व ग्राहक सेवा केंद्र प्रभारी कुलदीप कुमार ने शाखा प्रबंधक समेत अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर बड़ौदा यूपी बैंक के हर्षित माथुर, कैशियर राम कुमार यादव, अजय कुमार, रोइनेट के प्रतिनिधि अमित पटेल, चंद्रेश कुमार, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रांतीय प्रभारी मुन्ना मिश्रा, प्रांतीय संयुक्त सचिव डा. विजय यादव, एसआई भूपेश नाथ सिंह, प्रधानाध्यापक संजीव शुक्ला, अजय शुक्ला, संजीव तिवारी, सुनील दत्त, डा. एम एल विश्वकर्मा, डा. अंबिका विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान शहाबपुर रमापति तिवारी, चैंसा विष्णुधर मिश्रा बैताली, पूर्व प्रधान आजाद सिंह, श्यामलाल विश्वकर्मा, रामचंद्र, सभासद राजू विश्वकर्मा, अतुल सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा प्रधान, सोनू गुप्ता, वीएलई विजय विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, राकेश मिश्रा, राम प्रकाश, संदीप मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।



ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन करते शाखा प्रबंध कंचन कुमार।

# युवाओं ने भगत सिंह की प्रतिमा को किया नमन

## उनके क्रांतिकारी विचारों को आत्मसात करने का लिया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** युवा क्रांति के कार्यकताओं ने मां भारती के वीर सपूत शहीद भगत सिंह की जयंती पर नगर स्थित भंगवा चुंगी पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

माल्यार्पण के पश्चात संरक्षक अच्युतानंद पांडेय ने कहा कि अंग्रेजों के गुलामी के कहर से भारत को अवमुक्त कराने के लिए गांधी जी के आंदोलन को आत्मसात करते हुए आजाद राष्ट्र की जिज्ञासा लिए कम उम्र में ही आंदोलन को धार देने के लिए अपनी सहभागिता देने वाले भगत सिंह मां भारती के सच्चे सपूत थे आज पूरा देश उनकी जन्मजयंती मना रहा है। ऐसे बलिदानी महापुरुषों से हमे राष्ट्र के प्रति समर्पण की सीख देता है जिसने मां भारती के दामन को गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। ऐसे वीर नायकों को युवा क्रांति सादर नमन वंदन करती है उनके बलिदान समर्पण को नमन करती है। माल्यार्पण के दौरान पंडित सुशील चंद्र शुक्ला, विवेक त्रिपाठी, मनीष भारती, विजयभान सिंह, अखिलेश मिश्र, आशीष मिश्रा, ऋषभ शुक्ला, अजय पांडेय, संजय त्रिपाठी, राहुल मिश्र, आदित्य यादव, विकास यादव, आशुतोष दुबे, शरद त्रिपाठी, प्रीतम शुक्ला, अविनाश मिश्र, सत्यम मिश्र, अभिषेक सोनी आदि उपस्थित रहे।



भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते युवा क्रांति के पदाधिकारी।

# किसानों को निःशुल्क हाइब्रिड सब्जी बीज का किया गया वितरण

## सदर विधायक ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2022-23 में सब्जी की खेती कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्यान विभाग कार्यालय परिसर में माननीय विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य के द्वारा किसानों को हाइब्रिड सब्जी बीज का निःशुल्क वितरण किया गया।

योजना के तहत प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के लाभार्थी कृषकों को टमाटर, फूलगोभी, पातगोभी, कद्दू लौकी, बैंगन, शिमला मिर्च व करैला का हाइब्रिड बीज निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि कृषक उद्यान विभाग द्वारा दिये गये अच्छे बीज से मेहनत कर विभागीय तकनीकी का प्रयोग करते हुये अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते है।

कार्यक्रम में डॉ0 सीमा सिंह राणा जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा लाभार्थी कृषकों को जनपद में संचालित समस्त योजनाओं के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही उद्यान विभाग से जुड़े रहने एवं संचालित योजनाओं में समय-समय पर विभाग से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेकर वैज्ञानिक विधि से औद्यानिक कार्यक्रमों की खेती कर अपनी आय को दोगुना किये जाने के गुण बताये गये। कार्यक्रम का संचालन इन्द्रमणि यादव क0पौ0र0स0 ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला, प्रधान सहायक नौशाद अहमद, सहायक उद्यान निरीक्षक राज कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सत्यभान सिंह सहित कृषक उपस्थित रहे।



किसानों को बीज वितरित करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

# जीआईसी में ताला तोड़कर चोरी

**लालगंज।** जीआईसी चंदी गोविंदपुर के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय कक्ष, स्टाफ कक्ष, सहित तीन कमरों का ताला तोड़कर जीआईसी चंदी गोविंदपुर के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय कक्ष, स्टाफ कक्ष, सहित तीन कमरों का ताला तोड़कर सीसीटीवी, इनवर्टर, बैटरी, वॉयस रिकॉर्डर,सीसीटीवी राउटर आदि उठा ले गए। जानकारी होने पर चौकीदार की सूचना प्रधानाचार्य ने डायल 112 और जामताली चौकी पुलिस को जानकारी दी। स्कूल में तीसरी बार चोरी होने से सभी परेशान हैं। प्रधानाचार्य राव चंद्रेश सिंह की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नवरात्र के तीसरे दिन पूजी गयीं मां चन्द्रघण्टा

## आरती दर्शन में उमड़े श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवरात्र के तीसरे दिन मन्दिरों तथा दुर्गा पाण्डालों में शक्ति स्वरूपा मां चन्द्रघण्टा की विधिविधान से उपासना का सुर गुंजायमान हुआ। पाण्डालों मे सुबह से ही देवी भक्त मां चंद्रघण्टा के समक्ष फूल तथा नारियल के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर आराधना मे दिखे। मंदिरों मे भी दुर्गा मां का चंद्रघण्टा के स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार भक्तों को मंत्रमुग्ध किये दिखा। वहीं मंगलवार की शाम नगर में लगे पाण्डालों मे आरती पूजन में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा दिखा। पुराने शिव मंदिर के समीप नगर के पुरातन दुर्गा पाण्डाल पर भक्तों के साथ अधिवक्ताओं के समूह ने भी मां दुर्गे की भव्य आरती उतारी। श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आरती पूजन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। समिति के संरक्षक जयकौशल, राजा शुक्ल, सभासद सोनू शुक्ल, यजमान चंदन कौशल, अध्यक्ष मोहित कौशल, बब्लू पटवा आदि ने विशेष आरती पूजन का प्रबंधन किया। समाजसेवी अंजनी कौशल की अगुवाई में मां की भव्य आरती के बीच मगन श्रद्धालु महिलाओं के भी सुर मिलते दिखे। वहीं सांगीपुर वार्ड मे स्थित मां चतुर्भुज देवी मंदिर पर भी आरती में श्रद्धालुओं का तांता दिखा। पूरे हरिकिशुन के राजेन्द्र नगर तिराहे के समीप लगे पाण्डाल में आरती संध्या में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी शामिल हुए। मनीपुर दीवानी वार्ड में ग्राम देवी मंदिर में मां दुर्गा के आरती पूजन आचार्य प्रभाकर नाथ शुक्ल के संयोजन मे हुआ।

## तीसरे दिन पूजी गयी माता मईया देबी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन परियावां माता मईया धाम में मातारानी को चन्द्रघण्टा के रूप में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया मन्दिर परिसर में बने दुर्गा पण्डाल में मां दुर्गा, गणेश लक्ष्मी, सरस्वती व कार्तिक की श्रद्धालुओ ने पूजन अर्चन कर परिवार की सुख सम्रद्धि की कामना किया। मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं के खाने पीने व खरीदने की दुकान लगी हुई थी मन्दिर परिसर में विराजमान अन्य देबी देवताओं की श्रद्धालुओ ने विधिवत पूजा पाठ कर घरेलू सामान की खरीददारी किया। शाम सात बजे से रात 10 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम अर्चना साध्वी के मुखार बिंदु से सुनाया गया जिसमे श्रद्धालुओ की भारी भीड़ जमा रहती है।

# ताड़का को तीर लगते ही लगे श्री राम के जयकारे

## श्री रामलीला द्वारा निकाली गई ताड़का वध की झांकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा तीसरे दिन मुनि आगमन, ताड़का वध की झांकी निकाली गई। तीन बजे दिन में गोपाल मंदिर से ताड़का वध, मुनि आगमन की झांकी निकलकर चैक होते हुए सदर बाजार, सदर बाजार से वापस चैक होते हुए बाबागंज, पुराना माल गोदाम रोड से स्टेशन होते हुए निर्मल तिराहा होते हुए वापस पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर आकर लीला को विश्राम दिया गया।

आज की लीला में मुनि हवन पूजन कर रहे थे राक्षस अपनी सेना के साथ उनके हवन पूजन में हड्डियां फेककर हवन पूजन नहीं करनी दे रहे थे। मुनि विश्वामित्र राक्षसों के संहार के लिए महाराजा दशरथ से राम- लक्ष्मण को राक्षसों से रक्षा के लिए अपने साथ ले जाने के लिए आए। राम- लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ राक्षसों से रक्षा के लिए आश्रम पहुंचे। वहां पर ताड़का मुनियों द्वारा कर रहे हवन पूजन में विघ्न डाल रही थी। भगवान ने ताड़का को तीर मारकर वध कर दिया। ताड़का के वध होने पर सभी मुनियों ने जय श्रीराम के उद्घोष से सारा वातावरण राम के जयकारे से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, शिवम, बंटी नेता, विष्णु सोनी, सूरज, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, रोहित राज, धर्मेंद्र चैरसिया, विवेक कुमार, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य,. अनामिका पांडे, मेघा, ज्योति आदि रथ के साथ चल रहे थे।



ताड़का वध का मंचन करते कलाकार।

# सेल्समैन को दबंगों ने पीटा, गंभीर

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मानापुर गांव में बीयर उधार न देने पर दर्जन भर दबंगों ने एक सेल्समैन पर लाठी, डण्डा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जसमें सेल्समैन रत्नेष जायसवाल का सिर फट गया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। सेल्समैन पर हमले से नाराज व्यवसायियों ने दुकान बंद कर विरोध जताया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबंगों के खिलाफ केस दर्ज किया। दबंगों के हमले की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस दबंगों की तलाश कर रही है।

# लीलापुर पुलिस के हाथ लगे तीन शातिर एटीएम जालसाज

## फर्जी एटीएम कार्ड का मिला जखीरा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस को मंगलवार की रात एटीएम मशीन से फ्राड कर पैसा हडपने वाले तीन बदमाशों को दबोचने मे सफलता मिली है। लीलापुर थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय को साहबगंज बाजार में कुछ संदिग्धों के एटीएम बूथ के पास होने की मुखबिरी हुई।

एसओ के निर्देश पर फोर्स के साथ गश्त पर निकले थाने के दरोगा रमेश कुमार यादव को भी साहबगंज बाजार के इण्डिया एटीएम के पास तीन युवक संदिग्ध दिखे। पुलिस ने युवकों को दौडाकर पकडा तो उनके पास से एटीएम कार्डो का जखीरा बरामद देख आवाक रह गयी। पुलिस की हिरासत मे आये लीलापुर थाना के बड़ा का पुरवा विक्रमपुर निवासी राकेश शुक्ला के पुत्र आदित्य तथा इसी गांव के सुरेश शुक्ला के पुत्र रोहित व कोतवाली नगर के खजुरनी निवासी संतोष पाण्डेय के पुत्र विपिन के पास से तलाशी लेने पर चैदह एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के पुलिस के कब्जे मे आये। पुलिस ने कडाई से पूछताछ की तो आरोपियो ने बताया कि वह एटीएम बूथों से भीडभाड़ वाली जगह पर लोगों को गुमराह कर उनका एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाला करते हैं। लीलापुर थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने बताया कि आरोपियो के खिलाफ धोखाधडी तथा जालसाजी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष के मुताबिक पकडे गये विपिन पाण्डेय के खिलाफ कोतवाली नगर तथा जिले के रानीगंज थाना मे भी जालसाजी व आर्म्स एक्ट के मुकदमें दर्ज है। वहीं आरोपी रोहित शुक्ल के खिलाफ भी जिले के अंतू व कोहडौर थाने में जालसाजी व धोखाधडी का केस पहले से ही दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियो को बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस की सफलता पर सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस टीम की सराहना की है।



लीलापुर पुलिस के हत्थे चढ़े एटीएम जालसाज।

# जर्जर मकान की दीवार ढहने से वृद्धा की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पडोसी के जर्जर मकान के एक हिस्से की कच्ची दीवार के अचानक ढह जाने से वृद्धा की दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने घटना के दूसरे दिन बुधवार को मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

लालगंज कोतवाली के पूरे वंशी के पहलवान का पुरवा निवासी स्व. जगरूप वर्मा की पत्नी शिवकली पटेल (65) मंगलवार की शाम सात बजे घर के बगल गली में शौच को गयी थी। इसी बीच अचानक गांव के दीन मोहम्मद के कच्चे जर्जर मकान की रास्ते की तरफ बनीं कच्ची दीवार भरभराकर ढह गयी। मलबे मे दबने से शिवकली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वृद्धा की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं जर्जर कच्ची दीवार को लेकर हुई घटना से परिजनों को आक्रोशित भी देखा गया। जर्जर कच्चे मकान के बगल से ही आम रास्ता भी बना हुआ है। ऐसे में पहले से ही लोग इस जर्जर कच्चे मकान को लेकर दुर्घटना की आशंका जता रहे थे। इसी बात को लेकर परिजनों व कुछ लोगों को घटना के बाद आक्रोशित देखा गया। वहीं गांव के लोगों ने समझाबुझाकर किसी तरह परिजनों को शांत कराया। हालांकि परिजनों ने बुधवार को मृतका का श्रृंगवेरपुर गंगा तट पर अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में चर्चा के मुताबिक जर्जर दीवार को हटाये जाने के लिए मृतका के परिजन कई बार पडोसी से बात कर चुके थे। संयोगात घटना के कुछ समय पहले ही गली मे कुछ छोटे छोटे बच्चे भी खेल रहे थे। घटना को लेकर स्थानीय कोतवाली पुलिस ने अनभिज्ञता जतायी है।

# टूटे गटर में गोवंश के गिरने से अफरातफरी, रेस्क्यू के बाद सुरक्षित होने पर राहत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बुधवार की सुबह गोवंश के टूटे गटर में गिर जाने से अफरातफरी का माहौल बन गया। गोवंश को गटर से निकालने के लिए फायर ब्रिग्रेड तथा नगर पंचायतकर्मियों ने घंटो मशक्कत की तो पूर्वान्ह उसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

तहसील परिसर में एसडीएम चैंबर के ठीक पीछे गंदे जल की निकासी के लिए गटर बना हुआ है। गटर का आधा हिस्सा कई महीने से टूटा हुआ है। बुधवार की सुबह घास फूस अधिक होने के कारण गोवंश वहां पहुंच गयी। चाराजोई करते गोवंश अचानक गटर में गिर गयी। तहसील में अधिवक्ताओं के पहुंचने पर यह जानकारी हुई तो अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर लालगंज फायर ब्रिग्रेड की टीम व नगर पंचायत के कर्मी पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### महिला बन्दी की मृत्यु पर जांच शुरू

**कौशाम्बी।** न्यायिक मजिस्टेट सुमित कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि विचाराधीन महिला बन्दी गुलनाज पत्नी नौसे, निवासिनी-कस्बा चायल, थाना-पिपरी की न्यायिक जॉच उनके न्यायालय में विचाराधीन हैं। उन्होंने सर्वसाधारण से अपेक्षा की है कि महिला बन्दी गुलनाज की मृत्यु के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति अपना बयान/साक्ष्य उनके न्यायालय-न्यायिक मजिस्टेट, कौशाम्बी के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता है तो वह दिनांक 30 सितम्बर 2022 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान/साक्ष्य दे सकता है।

### बालक के साथ युवक ने किया कुकर्म

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिंग बालक मवेशी चराने के लिए मंगलवार को खेत की ओर गया था बालक को बिस्कुट और टॉफी का लालच देकर बालक के साथ गांव के एक युवक ने कुकर्म किया है घर पहुँचे बालक की हालात देख माँ दंग रह गई घटना की जानकारी परिजनों को दी बालक के बाबा ने पुलिस को घटना की जानकारी दी कोखराज एचएसओ घटनास्थल पर पहुँचे मौके की जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस ने बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## निर्वाचक नामावलियों की तैयारी

# राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

अखंड भारत संदेश



निर्वाचन के संबंध में बैठक करते डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में उ0प्र0 के विधान परिषद इलाहाबाद-झॉसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 01.10.2022 (शनिवार) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/आयुक्त, झॉसी मण्डल, झॉसी द्वारा लोक सूचना का प्रकाशन किया जायेगा। खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचक नामावलियॉ नये सिरे से तैयार की जायेंगी। दिनांक 01 अक्टूबर, 2022 से 07 नवम्बर 2022 तक दावे फार्म-19 में प्राप्त किये जायेंगे। दिनांक 23 नवम्बर, 2022 को खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। दिनांक 30 दिसम्बर, 2022 को शिक्षक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने के लिए शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी होना चाहिए, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीयन के लिए निर्वाचक, अर्हता तिथि से ठीक पहले 06 वर्षों के भीतर कम से कम 03 वर्ष की कुल अवधि के लिए विनिर्दिष्ट किन्हीं शिक्षण संस्थानों में अध्यापन कार्य से जुडे. रहें हों, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में फार्म-19 संस्था के प्रमुख का प्रमाण पत्र अनुबन्ध-02 पर दिये गये प्रारूप में होगा, तत्पश्चात उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन के बाद सम्बन्धित क्षेत्र के नामित पदाभिहीत/ अतिरिक्त अधिकारियों को प्राप्त कराये जायेंगे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 11 मतदेय स्थल-कार्यालय क्षेत्र पंचायत-चायल, कार्यालय क्षेत्र पंचायत-नेवादा, सरदार पटेल उ0मा0वि0 सरांय अकिल, कार्यालय क्षेत्र पंचायत-मूरतगंज, नेशनल इ0का0-भरवारी, कार्यालय क्षेत्र पंचायत-सिराथू, कार्यालय नगर पंचायत-अझुआ, एस0ए0वी0 इं0का0-सैनी, दुर्गा देवी इं0का0-ओसा, कार्यालय क्षेत्र पंचायत-सरसवॉ तथा कार्यालय क्षेत्र पंचायत-कौशाम्बी बनायें गये हैं। उन्होंने कहा कि फार्म-19 निर्वाचन कार्यालय, कलेक्टेट मंझनपुर से प्राप्त कर सम्बन्धित नामित पदाभिहित अधिकारी/अतिरिक्त पदाभिहित अधिकारी, कार्यालय (खण्ड विकास अधिकारी/ ई0ओ0) में जमा कर सकतें हैं जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सौंपे गये कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

### अनुसूचित जाति की योजनाएं अभ्युदय योजना में विलय

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना(पीएम-अजय) में विलय कर दिया गया है। योजना के अन्तगर्त कलस्टर के रूप में न्यूनतम 10 व्यक्तियों के समूह का गठन कर इकाई स्थापित की जायेगी। विभाग द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में प्रति लाभाथी (परिवार) अधिकतम (पचास हजार रुपए) अनुदान अथवा प्रति व्यक्ति योजना लागत का 50 प्रतिशत जो भी कम हो प्रदान किया जायेगा तथा शेष धनराशि बैंक ऋण के रूप में होगी। उक्त योजनान्तगर्त आय की सीमा निधार्रित नहीं है, किन्तु (दो लाख पचास हजार रुपए) वाषिर्क आय वाले व्यक्तियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। इस योजना में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तगर्त चिन्हित ग्रामों में गठित होने वाले समूहों को योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। कलस्टर के रूप में न्यूनतम 10 व्यक्तियों को समूह के रूप में अपनी इच्छानुसार इकाई स्थापित करने के लिये अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन मंझनपुर में स्थित कायार्लय जिला प्रबन्धक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 में संपर्क कर सकते है।

# करोड़ों खर्च फिर भी विकास को तरस रहा कड़ा ब्लाक का तरसौरा गांव!

अखंड भारत संदेश

**कड़ा ब्लाक के तरसौरा ग्राम मे मौके पर आज तक नही बनी नालिया मार्गो मे भरा रहता है पानी, गरीबों को घर देने की पीएम योजना के लाभ से तरस रहे ग्रामीण झोपड़ी छप्पर कच्चे घर मे रहने को ग्रामीण मजबूर**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा कड़ा विकासखंड में लागू नहीं हो रहा है सरकार से करोड़ों का बजट आने के बाद विकास खंड अधिकारी और उनके अधीनस्थों के कमीशन खोरी के चलते आम जनता योजना का लाभ नहीं पा रही है कड़ा ब्लाक के तरसौरा गांव में करोड़ों का बजट खर्च किए जाने के बाद रास्ते में पानी भरा रहता है जिससे लोगों को कीचड़ युक्त सड़कों पर चलना पड़ रहा है लेकिन उसके बाद भी आला अधिकारियों ने गांव की जांच कराकर दोषियों को दंडित नहीं किया है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जाने वाली आवास योजना का लाभ तरसौरा गांव के गरीब कमजोर मजलूम झोपड़ी कच्चे घर वाले ग्रामीणों को नहीं मिल सका है जिससे पीएम आवास योजना की हकीकत का अंदाजा लगाया जा सकता गांव के सुभाष चंद्र पटेल पुत्र स्वर्गीय राम सेवक ने बताया कि पत्नी संगीता को मिलाकर बच्चो सहित 8 लोग छप्पर नुमा घर मे रहने को मजबूर है जब भी बारिश होती तो छप्पर से पानी चूने लगता है जिससे गृहस्थी के समान के साथ परिवार के सभी सदस्य भीग जाते हैं और कभी कभी बीमार भी हो जाते हैं झोपड़ी में रह रहे सुभाष के परिजनों को कई बार बारिश के मौसम में शौचालय में रात गुजारनी पड़ती है ग्राम प्रधान खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव से आवास की मांग सुभाष कई

# करोड़ों की लागत से पाइप लाइन बिछाए जाने में सुस्त है ठेकेदार

**जेसीएमसी के निर्माण कार्यों की जांच करने पहुंचे सीडीओ जाच में मिली तमाम खामियां**

अखंड भारत संदेश



पाइप लाइन बिछाए जाने की योजना की जांच करते सीडीओ

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्लीपुर टाटा में जल जीवन मिशन शक्ति के अंतर्गत फेस टू में जेसीएमसी के द्वारा गांव में पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य कराया जा रहा हैं करोड़ों की लागत से पाइप लाइन बिछाए जाने का ठेका ठेकेदारों को दिया गया है लेकिन कार्यों में ठेकेदारों की लापरवाही से पाइप लाइन बिछाए जाने में विलंब हो रहा है अभी तक ग्रामीणों को घर-घर पानी पहुंचाने की योजना में ठेकेदार ने अभी तक अन्य कार्यो को भी गति नहीं दी है मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जल जीवन मिशन शक्ति के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने बलीपुर टाटा गांव पहुंच गए निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने देखा कि मौके पर कार्य की प्रगति धीमी है केवल 12 मजदूर लगाकर जेसीएमसी द्वारा पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य कराया जा रहा है जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जेसीएमसी के जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है सीडीओ ने कहा कि जेसीएमसी के द्वारा कराया जा रहा यह लापरवाही पूर्ण कार्य बेहद आपत्तिजनक है जेसीएमसी के लापरवाही पर उन्होंने अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाई है और उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के कारनामों पर चेतावनी जारी की है और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि कार्यों में तेजी नहीं लाई गई तो शासन को ठेकेदारों और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ पत्र लिखा जाएगा।

### आश्रम पद्धति स्कूल में नहीं रहते शिक्षक और अधीक्षक

**कौशांबी।** सूबे की योगी सरकार ने आश्रम पद्धति के स्कूलों में शिक्षक और अधीक्षक के रहने का निर्देश दिया है लेकिन उसके बाद भी सैकड़ों आवासीय छात्रों को बेसहारा हालत में छोड़कर शिक्षक और अधीक्षक स्कूल से प्रतिदिन चले जाते हैं जिससे योगी सरकार का आदेश जिले में लागू होता नहीं दिख रहा है आश्रम पद्धति के जिले में 5 स्कूल चल रहे हैं सभी स्कूलों की स्थिति एक जैसी है मामले की जानकारी समाज कल्याण विभाग को है लेकिन उसके बाद भी दोषी शिक्षक अधीक्षक पर अभी तक कार्यवाही नहीं हो सकी है आखिर स्कूल के बच्चों को बेसहारा छोड़ कर जाने वाले अधीक्षक और शिक्षकों के कारनामों को समाज कल्याण अधिकारी ने अभी तक गंभीरता से क्यों नहीं लिया है इसके पीछे उनकी मंशा क्या है या फिर योगी सरकार के निर्देशों का पालन समाज कल्याण अधिकारी नहीं करना चाहते हैं यह बड़ी चर्चा का विषय है शिक्षक और अधीक्षक के आश्रम पद्धति विद्यालय से प्रतिदिन चले जाने के मामले के जिला अधिकारी ने जांच कराई तो कई शिक्षक और अधीक्षक पर कार्रवाई होना तय है।

## फिर एक लाइनमैन की हत्या का प्रयास गंभीर हालत में चल रहा है इलाज

**कौशांबी।** जिले के तमाम विद्युत पावर हाउस में लाइन ठीक करने के लिए विद्युत खंभे में चढ़े लाइनमैन के नीचे उतरने के पहले बिजली सप्लाई चालू करके लाइनमैन की हत्या किए जाने का खेल जिले में 15 वर्षों पूर्व शुरू हुआ है देखते-देखते दर्जनों लाइनमैन की मौत हो चुकी है लेकिन मामले में अभी तक पावर हाउस के दोषी कर्मचारियों अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है खंभे पर चढ़ा लाइनमैन विद्युत तार ठीक करते रह जाते हैं और इसी बीच पावर हाउस में बैठे जेई और अन्य कर्मचारी विद्युत सप्लाई शुरू करा देते हैं जिससे लाइनमैन विद्युत करंट का झटका लगने से खंभे से नीचे गिर जाते हैं कुछ लाइन की पूर्व में मौत हो चुकी है और कुछ लाइनमैन वर्तमान में भी जीवन मौत से जूझ रहे हैं ताजा मामला फिर मंझनपुर तहसील क्षेत्र के गोपसहसा पावर हाउस का है जहां खराब विद्युत लाइन को ठीक करने के लिए मंगलवार को प्राइवेट लाइनमैन मनोज कुमार विश्वकर्मा पुत्र श्याम सुंदर विश्वकर्मा निवासी बारम्बारी गोइठा थाना कौशांबी विद्युत खंभे पर चढ़ने के लुर्व मोबाइल फोन के जरिए सिट डाउन लिया था जैसे ही वह खंबे में चढ़कर विद्युत लाइन ठीक करने लगा जिससे उसने सिट डाउन लिया था उसने विद्युत सप्लाई चालू कर दी जिससे लाइनमैन विधुत करंट का तेज झटका खाकर झुलस गया और खंभे से नीचे गिर गया जिससे उसे चोट लग गयी लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने गलत तरीके से विद्युत सप्लाई चालू करने वाले लाइनमैन पर अभी तक कार्यवाही नहीं की है वही पावर हाउस के अवर अभियंता इस गंभीर घटना पर बचकानी बयानबाजी शुरू कर चुके हैं उनका कहना है कि यह लाइनमैन उनके यहां नहीं था हत्या का प्रयास करने वाले लाइनमैन को अवर अभियंता बचाने का प्रयास कर रहे हैं परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने लाइनमैन की हत्या किए जाने के प्रयास के मामले में मोबाइल कॉल डिटेल निकाल कर विद्युत उपभोक्ताओं के बयान दर्ज कर सूक्ष्म जांच कराई तो लाइनमैन और अवर अभियंता के कारनामों का पदार्फाश होगा और इनका जेल जाना तय है लेकिन क्या पूर्व में लाइनमैन की मौत के मामले की तरह इस मामले की भी पत्रावली थाना पुलिस बंद कर देगी या फिर दोषी विद्युत अधिकारियों को पुलिस गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजेगी लाइन ठीक करने के समय विद्युत सप्लाई चालू करने के इस मामले में कब रोक लगेगी यह विद्युत व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है और जब तक पुलिस अधिकारी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित नहीं कराएंगे तब तक लाइनमैन पर हमला करने की घटनाओं पर रोक लगती नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### किसान यूनियन ने धरना प्रदर्शन कर बैंक शाखा स्थापित किए जाने की मांग की



**कौशाम्बी।** किसान मजदूर सयुक्त यूनियन के कार्यकताओं पदाधिकारियों ने चायल तहसील में प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि भूमि विकास बैंक चायल तहसील खास में स्थापित नहीं है इसे प्रयागराज में स्थानांतरित किया गया है जिसे फिर से चायल में स्थापित किया जाए किसान नेताओं ने कहा कि प्रयागराज में चायल का बैंक स्थापित होने से किसानों को दिक्कतें होती हैं जिससे किसानों में रोष व्याप्त है प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने कहा कि यूनानी अस्पताल चायल का भवन जर्जर हो चुका है जिससे कभी भी धराशाई हो सकता है और डॉक्टर कंपाउंडर के साथ मरीजों की जान को जोखिम है यूनानी अस्पताल भवन की मरम्मत कराए जाने की मांग के साथ साथ खराब सड़क सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर किसान यूनियन के नेताओं ने ज्ञापन सौंपा है नेताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान अधिकारियों ने नहीं किया तो किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा इस मौके पर नरेंद्र कुमार पांडे शिवराम सोनू कुमार शिवशरण पंचम लाल रमेश कुमार यशवंत सिंह मुन्ना लाल राम सिंह त्रिभुवन प्रसाद सहित तमाम किसान यूनियन नेता मौजूद रहे।

### आवास को तरस रहे गरीब की बारिश में गिरी झोपड़ी



**भरवारी कौशाम्बी।** सरकार भले ही कितने कानून नियम जांच बना दे लेकिन योगी सरकार में भी पात्रों को योजना का लाभ मिलता नहीं दिख रहा है जिले के मंझनपुर तहसील के सोनवारा मजरा बेरौचा गांव निवासी राजू पाल पुत्र बिश्राम के पास रहने के लिए घर नहीं है उनके तमाम एप्लीकेशन देने के बाद उसका नाम आवास सूची में नहीं दर्ज हो सका वह झोपड़ी में जीवन गुजार रहा था झोपड़ी भी बारिश के दिनों में गिर गई है उसके झोपड़ी के आसपास चारों और जंगल हैं जहाँ जंगली जानवरों जहरीले कीड़े मकड़ों से असुरक्षा है लेकिन सर्वे के टाइम भी गरीब के नाम को सूची में दर्ज नहीं किया है इतना ही नहीं बारिश में झोपड़ी गिर जाने के बाद उसे सरकार के आपदा राहत योजना का भी लाभ नहीं मिल सका है कई बार अधिकारियों को उसने अपने आधार कार्ड व अन्य कागजात की काफी दी है लेकिन किसी प्रकार की सहायता उसे नहीं मिल सकी है इतना ही नहीं उसे शौचालय योजना का भी लाभ अभी तक नहीं मिल सका है जबकि अधिकारियों ने जिले को ओडीएफ घोषित कर दिया है इससे योगी सरकार में भी भ्रष्ट अधिकारियों के कारनामें का अंदाजा लगाया जा सकता है किस तरह से सरकारी योजनाओं में धांधली व्याप्त है और आला अधिकारी केवल मीटिंग कर खानापूर्ति कर शासन को गुमराह कर रहे हैं।

### सीओ ने कहा कि मूर्ति विसर्जन जुलूस में नहीं बजेगा डीजे



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना परिसर में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन और दशहरे को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बुध्दवार को शांति कमेटी की बैठक हुई बैठक में उपस्थिति सभी लोगों से विसर्जन पर्व के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की गई।सीओ डां०के जी सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार दुर्गा पंडालों पर एक साउंड बॉक्स(हार्न) बजाने की अनुमति दी गई है मूर्ति विसर्जन में डीजे का प्रयोग नहीं होगा। झांकी में छोटे साउंड हार्न मान्य होंगे। पंडालों पर अश्लील गाना बजाने की शिकायत पर संबंधित पंडाल कमेटी पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन एसओ तेज बहादुर सिंह चंदेल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायें उन्होंने दुर्गा पूजा कमेटी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी प्रकार की गलतियां क्षम्य नहीं होगी इस मौके पर इलाके के तमाम गणमान्य लोग और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### अषाढा फैजीपुर में श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा फैजी पुर गांव में कथावाचक श्वेता भार्गव द्वारा श्रीमद् भागवत कथा पर विस्तार से प्रवचन किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए इलाके के कई गांव की महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित हो रहे हैं कार्यक्रम में कथा वाचक श्वेता भार्गव के मुखारविंद से निकले प्रभु की महिमा को सुनने के लिए भक्त बेताब हैं नवरात्र के पावन पर्व पर ग्रामीणों ने भागवत कथा आयोजन कराए जाने का निश्चय किया जिस पर कथावाचक झांसी से स्वेता भार्गव को बुलाया गया।

# मनरेगा योजना से बने दो अस्थाई गौआश्रय स्थल का सीडीओ ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश



अस्थाई गौआश्रय स्थल का पूजा कर उद्घाटन करते सीडीओ



गौआश्रय स्थल के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद सीडीओ

**कौशाम्बी।** दो अलग-अलग विकासखंड क्षेत्रों में मनरेगा योजना से बनाए गए अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का मुख्य विकास अधिकारी ने बुधवार को उद्घाटन किया है बिकास खण्ड कड़ा के अलीपुर जीता में मनरेगा योजना के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निर्माण कराया गया है इस गांव में बने गौआश्रय स्थल का उद्घाटन बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा पर विधि विधान से पूजा करने के बाद किया गया है गौ आश्रय स्थल के उद्घाटन के अवसर पर विजय कुमार तिवारी खण्ड विकास अधिकारी कड़ा जयचन्द्र पाण्डेय अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राम सिंह यादव सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत सचिव रहबर खॉ ग्राम प्रधान एवं तेज बाहदुर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा व अमित पासवान केयर टेकर उपस्थित थे मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उक्त अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की कुल प्राक्कलित लागत 3.99 लाख रुपए है, जिसमें कुल 184 मानव दिवस सृजित कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। गोवंश आश्रय स्थल में कुल अभी तक 11 गोवंश संरक्षित किये गये है। इस सम्बन्ध में कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी, कड़ा को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत के आस-पास छुट्टा पशुओं को उक्त गौशाला में संरक्षित करने का कार्य प्रगति में लायी जाए जिससे कृषकों की फसलों को नुकसान होने से बचाव जाय। मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा ग्राम पंचायत रूपनारायणपुर गोरियों विकास खण्ड सिराथू में मनरेगा योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का भी उद्घाटन किया गया उद्घाटन के समय भावेश शुक्ल खण्ड विकास अधिकारी सिराथू अशोक कुमार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उक्त गौशाला के निर्माण की प्राक्कलित लागत 9.76 लाख रुपए है, जिसमें कुल 329 मानव दिवस सृजित करते हुए निर्माण कार्य कराया गया है।

### विधि विधान से पूजा कर सीडीओ ने किया गोवंश आश्रय स्थल का उद्घाटन

**कौशांबी।** शासन के निर्देश पर जिले के गिरिया खालसा गांव में गौ आश्रय स्थल का निर्माण तीन लाख 99 हजार की लागत से कराया गया था गौआश्रय स्थल का निर्माण कार्य 21 दिसंबर को प्रारंभ हुआ था इस गौ संरक्षण केंद्र में का निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद 27 सितंबर को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विधिवत पूजा पाठ करके गौ संरक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है मौके पर गौसंरक्षण केंद्र में 5 पशु लाए गए हैं जिनकी देखरेख ग्राम पंचायत के जिम्मे सौंपी गई है इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार गोवंश की देखरेख और उनके चारा पानी की व्यवस्था की जाए किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पिता ने बेची जमीन बेटा नहीं दे रहा कब्जा

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव निवासी हुबलाल ने गांव के रघुनाथ पुत्र रामस्वरूप से आराजी संख्या 292 में 2 बिस्वा जमीन खरीदी थी जमीन की कीमत अदा कर दी गई और मौके पर जमीन का कब्जा भी ले लिया जिस पर मकान बनाने के बाद हुबलाल का परिवार रह रहा है इसके अलावा भी गांव के राजबहादुर से गांव के छेदीलाल ने भी जमीन खरीदी थी विक्रेताओं की मौत हो चुकी है स्टांप में लिखा पढ़ी कर लिया गया था जमीन पर विद्युत कनेक्शन भी खरीददार ने ले लिया है लेकिन उसके बाद भी विक्रेता के बेटे जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे हैं मामले में कई बार तहसील से लेकर थाने तक शिकायती पत्र दिया जा चुका है विक्रेता पक्ष के लोग आए दिन खरीददार को गाली गलौज कर मकान जमीन खाली कराने की धमकी दे रहे हैं पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है।

# चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की बैठक निर्देश तक रह गई सीमित

अखंड भारत संदेश

**जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्कफोर्स तथा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की बैठक, डीएम ने कहा कि रोस्टर बनाकर झाड़ियों,तालाबों एवं नालियों की साफ-सफाई तथा फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव कराएं**



स्वास्थ्य योजनाओं की बैठक करते डीएम सीएमओ

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्कफोर्स तथा संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की बैठक की गई बैठक में डीएम ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को गम्भीरतापूर्वक कार्य करने एवं आशाओं को सक्रिय कर प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के भुगतान में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डैम (डिस्ट्रिक एकाउन्ट मैनेजर) को प्रत्येक सप्ताह बैम के साथ बैठक कर शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आशाओं के भुगतान में भी प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आशाओं के साथ बैठक कर सभी कार्यों में तेजी से प्रगति लाया जाय तथा ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं सहित अन्य कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी चिकित्सकों को समय से अस्पताल आने एवं मरीजों का इलाज करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, करारी में आ रही समस्याओं का निस्तारण करते हुए प्रसव की सुविधा शीघ्र शुरू किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है, उन केन्द्रों पर भी शीघ्र प्रसव की सुविधा शुरू किया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि गहन समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाकर नियमित पूर्ण टीकाकरण एवं आर0सी0एच0 पोर्टल पर फीडिंग में प्रगति लायी जाय। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण के सम्बन्ध में आमजन को भी जागरूक किया जाय। डीएम ने कहा कि पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के तहत एस0डी0एम0 के साथ नियमित जॉच करने की कार्यवाही सुनिश्चिच किया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि पंचायत सहायकों का सहयोग लेकर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि एम्बुलेन्स 102 व 108 की स्थिति ठीक रहें तथा सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित किया जाय। बैठक में बताया गया कि मन्त्रा ऐप पर सम्बन्धित स्टॉफ नर्स द्वारा फीडिंग नहीं की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने स्टॉफ नर्स के वेतन रोकने के निर्देश दिये जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ मृत्यु सूचना एवं आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को सौंपे गये दायित्वों का क्रियान्वयन ठीक प्रकार से करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को रोस्टर बनाकर झाड़ियों, तालाबों एवं नालियों की साफ-सफाई तथा फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि अध्यापकों के माध्यम से बच्चों को प्रार्थना के समय संचारी रोगों के नियन्त्रण के विषय में जागरूक किया जाय। बैठक में बताया गया कि 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जायेंगा इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सी0एम0एस0 डॉ0 दीपक सेठ, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सहकारिता विभाग में संचालित एकमुश्त समाधान योजना की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**बकायेदार ब्याज में भारी छूट प्राप्त करते हुए अपना कर्ज अदा कर हो सकतें हैं कर्ज मुक्त**

**कौशाम्बी।** एआर को-आपरेटिव विनोद कुमार सिंह ने जनपद के सभी किसान भाईयों समिति के सदस्यों को सूचित किया है कि सहकारिता विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना संचालित की जा रही है, योजना का लाभ 30 सितम्बर 2022 तक प्राप्त कर सकतें हैं। इस योजना के अंतर्गत बकायेदार सदस्य, जो प्रारंभिक कृषि ऋण समितियों एवं जिला सहकारी बैंक से कर्ज प्राप्त किए हैं, वे ब्याज में भारी छूट प्राप्त करते हुए अपना कर्ज अदा कर सकते हैं एआर को-आपरेटिव ने बताया कि वर्ष-1997 से पूर्व के बकायेदार पर जो कर्ज लगा है वे अपना केवल मूलधन जमा कर कर्ज मुक्त हो सकते हैं वर्ष-1997 से वर्ष-2012 के मध्य जिन्होंने कर्ज लिया है वे अपने मूलधन के बराबर ब्याज अर्थात मूलधन प्लस मूलधन के बराबर ब्याज जमा कर कर्ज मुक्त हो सकतें हैं उन्होने बताया कि वर्ष-2012 से 2017 के मध्य जिन्होंने जिला सहकारी बैंक या सहकारी समितियों से कर्ज लिया है वे मूलधन प्लस ब्याज का 50 प्रतिशत धनराशि जमा कर कर्ज मुक्त हो सकते हैं तथा संग्रह शुल्क मात्र 5 प्रतिशत की वसूली भी साथ में जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग के कर्मचारी/अधिकारी आपके पास जा रहे हैं, उन्हें धन जमा करते हुए अनिवार्य रूप से रसीद प्राप्त करें एआर को-आपरेटिव ने बताया कि भूमि विकास बैंक के बकायेदार, जो वर्ष-2013 से पूर्व ऋण लिए हैं, उन्हें बकाया अदा करने पर भी ब्याज में भारी छूट एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत दी जा रही हैं। यह योजना 30 सितंबर 2022 तक ही सीमित है। उन्होंने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि जिन्होंने भूमि विकास बैंक से कर्ज लिया हैं और वह वर्ष-2013 से पूर्व बकाया पड़ गया हो तो उसमें भी छूट के साथ अपना कर्ज जमा कर अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

संपादकीय

## हिन्दू होने के मायने

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले दिनों मेघालय में कहा था कि हिन्दू बनने के लिए यह जरूरी नहीं कि कोई अपना धर्म बदले। हिमालय के दक्षिण में हिन्द महासागर के उत्तर में और सिंधु नदी के तट के निवासियों को परम्परागत रूप से हिन्दू कहा जाता है। मुगलों और ईसइयों के पहले भी हिन्दू अस्तित्व में थे। हिन्दू धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। जब आरएसएस हिन्दुत्व की बात करता है तो वह जीवन जीने की इसी तरीके की बात करता है। संघ धर्म विशेष भी बात नहीं करता। हिन्दू शब्द उन सभी को अपने आप में शामिल करता है जो भारत माता के पुत्र हैं। भारतीय पूर्वजों के वंशज हैं और जो भारतीय संस्कृति के अनुसार आचरण करते हैं। भारत में रहने वाले किसी भी भारतीय को हिन्दू बनने के लिए धर्म बदलने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि संघ प्रमुख भागवत इन दिनों मुस्लिम बुद्धिजीवियों और प्रमुख लोगो के साथ हिन्दू-मुस्लिम एका की दृष्टि से सतत संवाद भी कर रहे हैं। इस विचार मंथन में यह बताने की जरूरत नहीं कि हिन्दू किसी पंथ या मजहब का पर्यायवाची नहीं, अपितु यह भौगोलिक एवं संस्कृति बोधक शब्द है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय भी इस बात की पुष्टि कर चुका है। वैसे भी हिन्दू शब्द की व्युत्पत्ति सिंधु शब्द से हुई है। यानी की विदेशियों के अनुसार ई. सदी के आरंभ में जो लोग सिंधु नदी के इधर रहने वाले थे, वह हिन्दू कहलाए। पुराणों में स्पष्ट रूप से कहा गया है- आ सिंधु-सिन्धुपर्यन्ता यस्य भारत भूमिका पितृभूः पुण्यभूश्चैव हिन्दूरिति स्मृतः। कहने का आशय यह कि सिंधु नदी से लेकर समुद्र पर्यन्त की भारत भूमि जिसकी पितृभूमि एवं पुण्यभूमि है, वहीं हिन्दू है। निष्कर्ष यह है कि हिन्दू शब्द राष्ट्रीयता का पर्याय है। वैसे भी हिन्दुओं के खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों में पर्याप्त विभिन्नताएं हैं, इस्लाम, ईसाई, यहूदी की तरह वह एक किताब एवं एक पैगम्बर से नियंत्रित नहीं है। यहां तक कि हिन्दुओं में नास्तिक पंथ भी शामिल है। इसी को दृष्टिगत रखते हएु कभी भारत के विदेश मंत्री रह चुके मोहम्मद करीम छागला ने कहा था- मै उपासना पद्धति से मुसलमान और वंश से हिन्दू हूं। कभी जोश मलीहाबादी ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए लिखा था - सबसे पहले मर्द बन हिन्दुस्तान के वास्ते, हिन्दुस्तान उठे तो सारे जहां के वास्ते। कहने का तात्पर्य यह कि राष्ट्र पहले और मजहब बाद में। स्वामी विवेकानन्द अथर्ववेद की इस बात पर बहुत जोर देते थे-एक सतः बहुधा वंदन्ति विप्राः। यानी की सत्य एक है, विद्वान उसकी विभिन्न रूपों में व्याख्या करते हैं। इसलिए हमारी परंपरा में कोई किसी भी पंथ को मानने वाला हो, सार रूप में सभी एक ही है। यह भी सच है कि हमारे देश में अनेक पंथ के लोग हैं, पर उनकी संस्कृति एक होगी, तभी सच्चे अर्थों में वह राष्ट्र के नागरिक कहला सकेंगे। वस्तुतः संस्कृति किसी राष्ट्र की प्रकृति होती है। विविधता में एकता और एकता का विभिन्न रूपों में प्रकट होना ही हमारी संस्कृति का केन्द्रीय भाव है। इसी अंतमुक्त एकता के आधार पर भारतीय संस्कृति यह उद्घोषित करती है- एको अहम द्वितीया नास्ति। यानी हम एक हैं, दूसरा कोई है ही नहीं।

## प्रकृति की खूबसूरती देखने को खूबसूरत आंखों की जरूरत



मोनिका मिश्रा
ऑप्टोमेट्रिस्ट
एम डी आई
प्रयागराज

**अगर** हम फूलों की सुंदरता,रंग बिरंगे नजारे प्रकृति की खूब सुरती नजारों को देख पा रहे हैं तो ये सिर्फ और सिर्फ इन खूबसूरत आंखों के कारण। आंखों के बिना जीवन बेरंग और अंधकार मय और कितना मुश्किल होता होगा। इसका अंदाजा और एहसास शायद एक नाबिना अंधा इंसान ही बयां कर सकता है।यह सोंच कर ही हमारा मन बहुत दुखी होता है। ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि हम इन कुदरती आंखों को ईश्वर की दी हुई अमानत को जिससे हम आप पूरी दुनिया देख रहे हैं इन आंखों का अच्छे से ख्याल रखा जाए। हमारी आंखे सारा दिन और रात काम करती हैं। चाहे मोबाइल हो या लैपटॉप हो या फिर और भी सिस्टम कार्य लिखना पढ़ना वगैरह जो हमारी आंखों पर ही प्रभाव पड़ता है। आजकल लैपटॉप,मोबाइल से ऑनलाइन कार्यों की अधिकता से आंखों पर ज्यादा लोड हो गया है। जिनसे निकलने वाली किरणें आंखों को ज्यादा नुकसान पहुंचा रही हैं। मोबाइल फोन को ज्यादा नजदीक से देख कर न चलाएं,जिससे उसमें से निकलने वाली किरणें आंखों तक नुकसान न पहुंचाएं। और आंखों को थकान और सूखापन जैसी समस्याओं से बच सकें।लैपटॉप या मोबाइल पर काम करते समय अपनी पलकें झपकाते रहें। और आधे घंटे या बीस मिनट बाद मोबाइल आदि पर कार्य करना बंद कर दे। जिससे आंखें थके भी नहीं और कुछ समय बाद फिर काम करना चालू कर सकें।आंखों को आराम तभी मिलता है जब इंसान समय से सोता है। और पांच सात घंटे गहरी नींद में खो जाता है।आंखों की साफ सफाई समय समय पर आंखों को सोने के बाद धोना और बहुत अच्छा होता है। गंदे वस्त्र और गंदे पानी से आंखों को नही धोना चाहिए जिससे इन्फेक्शन न हो। सूर्य की पराबैगनी किरणें बहुत ही हानिकारक होती हैं। इससे बचने के लिए धूप वाले चस्में का इस्तेमाल करें। यदि आंखों में खुजली होती है लाल हो कीचड़ आए किरकिरी जैसी लगे,आंखों से पानी गिरे तो फौरन डाक्टर को दिखाएं।जिससे समय से जांच उपचार हो सके। आंखों को बार बार रगड़े नहीं,दबाएं नहीं,बार बार छुए नहीं। इस तरह से कुछ तरीके अपना कर जानकारियां हांशिल कर आंखों का ख्याल रख सकते हैं। जिससे हमें पूरी दुनिया के नजारे देखने होते हैं।

# अंतिम संस्कार हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से आखरी संस्कार

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर चर्चित सम्माननीय दो शख्सियतों का पिछले दिनों निधन हुआ जिसने दुनिया का ध्यान खींचा और तमाम देशोंके राष्ट्राध्यक्ष नेता प्रधानमंत्री मंत्री प्रतिनिधि सहित उनके सम्माननीय शख्सियतें अंतिम संस्कार में शामिल हुए जिसमें प्रथम, ब्रिटेन में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का अंतिम संस्कार देश में आधी सदी से अधिक समय बाद पहली बार किसी का राजकीय अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले 1965 में पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल को राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया था। जिसमें भारतीय माननीय राष्ट्रपति सहित करीब दो हजार मेहमान, 500 विदेशी महानुभाव, 4 हजार से अधिक कर्मचारी और संभवतः दुनिया भर में देखने वाले अरबों लोग। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का राजकीय अंतिम संस्कार 21वीं सदी का ऐसा अभूतपूर्व आयोजन हुआ,जिसकी तुलना नहीं की जा सकेगी। दूसरा, जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का स्टेट फ्यूनरल (राजकीय अंतिम संस्कार) टोक्यो में हुआ। इसमें दुनियाभर के 217 देशों के प्रतिनिधि शामिल होने के लिए टोक्यो पहुंचे। भारत के प्रधानमंत्री ने भी टोक्यो पहुंचकर आबे को अंतिम विदाई दी। ये दुनिया का सबसे महंगा अंतिम संस्कार बताया जा रहा है। इसमें 97 करोड़ रुपये खर्च हुए। चूंकि इन अंतिम संस्कारों में शामिल होने माननीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसी शख्सियत गई हैं, तो देश भर का ध्यान आकर्षित हुआ इसलिए आज हम भारत और इन देशों के अंत्येष्टि की सामाजिक मान्यता रीतिरिवाज राजकीय अंत्येष्टि के प्रोटोकॉल मान्यताएं विभिन्न नियम पर मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम अंत्येष्टि यानें अंतिम संस्कार की करें तो, अंतिम संस्कार में आमतौर पर एक अनुष्ठान शामिल होता है जिसके माध्यम से पार्थिव शरीर को अंतिम स्वभाव प्राप्त होता है। संस्कृति और धर्म के आधार पर, इनमें या तो पार्थिव शरीर का विनाश शामिल हो सकता है (उदाहरण के लिए, दाह संस्कार या आकाश में दफनाना ) या इसका संरक्षण (उदाहरण के लिए, ममीकरण या हस्तक्षेप द्वारा )। स्वच्छता और शरीर और आत्मा के बीच के संबंध के बारे में



अलग-अलग विश्वास अंत्येष्टि प्रथाओं में परिलक्षित होते हैं। एक स्मारक सेवा (या जीवन का उत्सव) एक अंतिम संस्कार समारोह है। एक अंतिम संस्कार एक पार्थिव शरीर के अंतिम स्वभाव से जुड़ा एक समारोह है, जैसे कि दफन या श्मशान , परिचर अनुष्ठानों के साथ। अंत्येष्टि के रीति-रिवाजों में एक संस्कृति द्वारा मृतकों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए उपयोग की जाने वाली मान्यताओं और प्रथाओं का परिसर शामिल है, जिसमें विभिन्न स्मारकों , प्रार्थनाओं और उनके सम्मान में किए गए अनुष्ठान शामिल हैं। अंत्येष्टि के लिए सामान्य धर्मनिरपेक्ष प्रेरणाओं में शोक शामिल है। साथियों बात अगर हम हिंदू धर्म में अंत्येष्टि की करें तो,हिन्दू धर्म में अन्त्येष्टि को अंतिम संस्कार कहा जाता है।यह हिंदू धर्म काआखिरी याने 16 वां संस्कार है। मान्यता है कि अगर पार्थिव शरीर का विधिवत अंतिम संस्कार किया जाता है तो जीव की अतृप्त वासनायें शान्त हो जाती हैं। पार्थिव शरीर, इस दुनिया की सभी मोह माया को त्यागकर पृथ्वी लोक से परलोक की तरफ कूच करता है। बौधायन पितृमेधसूत्र में अंतिम स्स्कार के महत्व को बताते हुए ये कहा गया है कि जातसंस्कारैणेमं लोकमभिजयति मृतसंस्कारैणामुं लोकम्। इस अर्थ होता है कि जातकर्म आदि संस्कारों से व्यक्ति पृथ्वी लोक पर जीत हासिल करता है और अंतिम संस्कार से परलोक पर विजय प्राप्त करता है। अतः गर्भस्थ शिशु से लेकर मृत्युपर्यंत जीव के मलों का शोधन, सफाई आदि कार्य विशिष्ट विधिक क्रियाओं व मंत्रों से करने को संस्कार कहा जाता है। हिंदू धर्म में सोलह संस्कारों का बहुत महत्व है। वेद, स्मृति और पुराणों में अनेकों संस्कार बताए गए है किंतु धर्मज्ञों के अनुसार उनमें से मुख्य सोलह संस्कारों में ही सारे संस्कार सिमट जाते हैं इनसंस्कारों के नाम है- (1) गभार्धान संस्कार, (2) पुंसवन संस्कार, (3) सीमन्तोन्नयन संस्कार, (4) जातकर्म संस्कार, (5) नामकरण संस्कार, (6) निष्क्रमण संस्कार, (7) अन्नप्राशन संस्कार, (8) मुंडन संस्कार, (9) कर्णवेधन संस्कार, (10) विद्यारंभ संस्कार, (11) उपनयन संस्कार, (12) वेदारंभ संस्कार, (13) केशांत संस्कार, (14) सम्वर्तन संस्कार, (15) विवाह संस्कार और (16) अन्त्येष्टि संस्कार।

साथियों बात अगर हम मुस्लिम धर्म में सुपुर्द-ए-खाक की करें तो, खाक का अर्थ होता है मिट्टी व सुपुर्द ए का अर्थ उसके हवाले करना, अर्थात मिट्टी के हवाले करना या मिट्टी में समाहितकरना। सामान्यतः यहूदी, इसाई व इस्लाम धर्म में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसका अंतिम संस्कार मिट्टी में दफन करके किया जाता है। इसी प्रक्रिया को उर्दू व फारसी भाषा में सुपुर्द-ए-खाक बोलते हैं। सुपुर्द-ए - खाक का संबंध मृत्यु से है, जिसका अर्थ है जमीन मे मिल जाना। मृत्यु के बाद जब शव को कब्र मे डाल दिया जाता है तो अमुक व्यक्ति सुपुर्द ए खाक हो जाता है। सुपुर्द-ए-खाक का मतलब है किसी मृत इंसान के पार्थिव शरीरको कब्रखोदकर जमीन में दफना देना यह प्रथा मुस्लिम समाज में की जाती है।

> साथियों बात अगर हम दो दिन पूर्व हुए जापानी व्यक्तित्व के अंतिम संस्कार की करें तो,क्यों अब ढाई महीने बाद हुआ अंतिम संस्कार? दरअसल आठ जुलाई को शिंजो आबे की हत्या हुई थी। इसके बाद परिवार ने बौद्ध परंपरा के अनुसार 15 जुलाई को उनका अंतिम संस्कार कर दिया था। अब जो स्टेट फ्यूनरल यानी राजकीय अंतिम संस्कार हुआ है वो सांकेतिक है। इसमें आबे की अस्थियों को श्रद्धांजलि के लिए रखा गया था। आबे की अंतिम विदाई के लिए दुनियाभर के 217 देशों के प्रतिनिधि पहुंचे हैं

साथियों बात अगर हम दो दिन पूर्व हुए जापानी व्यक्तित्व के अंतिम संस्कार की करें तो,क्यों अब ढाई महीने बाद हुआ अंतिम संस्कार? दरअसल आठ जुलाई को शिंजो आबे की हत्या हुई थी। इसके बाद परिवार ने बौद्ध परंपरा के अनुसार 15 जुलाई को उनका अंतिम संस्कार कर दिया था। अब जो स्टेट फ्यूनरल यानी राजकीय अंतिम संस्कार हुआ है वो सांकेतिक है। इसमें आबे की अस्थियों को श्रद्धांजलि के लिए रखा गया था। आबे की अंतिम विदाई के लिए दुनियाभर के 217 देशों के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस दौरान लोगों ने आबे से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को साझा किया। भारत के प्रधानमंत्री भी इसके लिए जापान पहुंचे थे । शिंजो आबे पीएम मोदी के अच्छे दोस्तों में से एक रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत में राजकीयअंत्येष्टि की करें तो, राजकीय अंत्येष्टि के साथ किए जाने वाले अंतिम संस्कार में पार्थिव शरीर तिरंगे में में लपेटा जाता है। दिवंगत व्यक्ति के सम्मान में मिलिट्री बैंड शोक संगीत बजाते हैं और इसके बाद उन्हें बंदूकों की सलामी दी जाती है। आजाद भारत में राजकीय सम्मान के साथ पहला अंतिम संस्कार महात्मा गांधी का किया गया था। (नोट- राष्ट्रीय ध्वज को केवल मिलिट्री स्टेट/ सैन्य/ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों के अंतिम संस्कार में अनुमति दी जाती है। राष्ट्रीय ध्वज को किसी अन्य निजी अंतिम संस्कार में लपेटना अपराध है।)नियम के मुताबकि सिर्फ वर्तमान और पूर्व राष्ट्रपति, मौजूदा प्रधानमंत्री, वर्तमान केंद्रीय मंत्री की ही इस तरह से अंत्योष्टी की जाती है। लेकिन फिर भी इसके बारे में कहीं लिखित रूप से कोई प्रावधान नहीं है और समय के साथ इस नियम में कई बदलाव हुए हैं। किसी इंसान के लिए राजकीय अंतिम संस्कार का आदेश देना सरकार का विशेषाधिकार है। मदर टेरेसा, सत्य साईं बाबा और श्रीदेवी जैसे गैर राजनीतिज्ञों को भी राज्यकीय अंत्येष्टि दी गई।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, अंत्येष्टि सुपुर्द-ए -खाक अंतिम संस्कार या अंत्येष्टि क्रिया हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में से आखरी संस्कार है। जापान और ब्रिटेन में हाल में हुए अंतिम संस्कार नें दुनिया का ध्यान खींचा। हर देश में अंत्येष्टि का अपना प्रोटोकॉल मान्यताएं व सामाजिक रीति रिवाज है।

# विदेशी पर्यटक कैसे आएं भारत

**आर.के. सिन्हा**

**कोरोना का** असर कम होते ही देश भर के एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशनों पर पर्यटकों की भीड़ रहने लगी है। दो-ढाई सालों से घरों में दुबके हुए हिन्दुस्तानी अब बाहर निकल रहे हैं। वे फिर से पहली वाली जिंदगी को जीना चाहते हैं। बेशक, कोरोना ने आम इंसान की सोच को भी बदला है। अब बहुत से लोगों को लगने लगा है कि जीवन तो क्षणभंगुर है। इसलिए जितना जीवन है उसका उतना आनंद तो ले ही लिया जाए। निश्चित रूप से इस सोच के चलते लोग पर्यटन स्थलों पर जा रहे हैं। इससे कोरोना के कारण तबाह हो गया पर्यटन क्षेत्र फिर से खड़ा होने लगा है। इस उद्योग से जुड़े लाखों लोगों की फिर से कमाई चालू हो गई है। पर अब भी भारत में विदेशी पर्यटकों की आवक कायदे से चालू तो नहीं हुई है। कहना न होगा कि कोरोना के कारण विदेशी पर्यटकों ने भी भारत आना बंद ही कर दिया था। इंडिया टुरिज्म स्टटिस्टिक्स की तरफ से हाल में जारी आंकड़ों के अनुसार, कोरोना के असर से ठीक एक साल पहले साल 2019 में भारत में 1.93 करोड़ विदेशी पर्यटक आए थे । उसके बाद से भारत में विदेशी पर्यटकों के आने का सिलसिला 75 फीसद तक गिरा। उसकी वजह तो समझ आती है। कोरोना की चेन को तोड़न के लिए सरकार ने बहुत सारे कदम उठाए थे। पर यह भी सच है कि कोरोना के असर के कारण भारत आने वाले पर्यटक बहुत कम हो गए। चूंकि अब हालत सामान्य हो चुके है, इसलिए सरकार और पर्यटन सेक्टर से जुड़े हरेक स्टेक होल्डर को हरचंद कोशिश करनी होगी ताकि भारत में विदेशी पर्यटकों की आवक बढ़े। देखिए, यह तो कहना ही होगा कि हमारे यहां पर जितने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं, उस लिहाज से हमारे यहां पर्यटक नहीं आते। भारत में ताजमहल, गुलाबी नगरी जयपुर, पहाड़ों की रानी दार्जिलिंग, असीमित जल का क्षेत्र कन्याकुमारी, पृथ्वी का स्वर्ग कश्मीर समेत अनगिनत अहम पर्यटन स्थल हैं। इनके अलावा भारत में भगवान बुद्ध से जुड़े अनेक अति महत्वपूर्ण स्थल हैं। भारत में बौद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों के साथ एक समृद्ध प्राचीन बौद्ध विरासत भी है। हमें यह सोचना होगा आखिर हम बौद्ध की भूमि होने के बावजूद दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करने में अबतक हम क्यों असफल रहे। भारतीय बौद्ध विरासत दुनिया भर में बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत रुचिकर है। कुशीनगर बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। भगवान बौद्ध ने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था । इतना सब कुछ होने क बावजूद हमारे यहां विदेशी पर्यटकों का आंकड़ा सालाना दो करोड़ भी नहीं पहुंचता। बेशक, यह एक गंभीर विचारणीय बिन्दु है। इस पर सबको सोचना ही होगा। कुछ कमी तो हमारी भी है। हमें उन बिन्दुओं पर ठंडे दिमाग से सोचना होगा जिसके चलते हमारे यहां अन्य देशों के पर्यटक भारी मात्रा में कभी नहीं आए। आप गूगल सर्च करके देखेंगे तो आपको पता चल जाएगा कि हमारे यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग लूट-खसोट करने से लेकर मारपीट करने तक से पीछे नहीं रहते। यह शर्मनाक है। इस तरह के तत्वों पर संगीन धाराएं लगाकर मुकदमा दर्ज होना चाहिए और कठोरतम दंड की व्यवस्था होनी चाहिये। कुछ साल पहले की बात है जब मुझे मिस्त्र की राजधानी काहिरा में जाने का अवसर मिला था। मैं वहां पर विश्व प्रसिद्द पिरामिड भी देखने गया था। वे तो खैर अपने आप में अजुबा हैं ही। सबसे बड़ी बात, जिसने मेरा ध्यान आकृष्ट किया था, वह था वहां पर आए हुए हजारों विदेशी पर्यटक। पिरामिड स्थल के करीब की पार्किंग के पास दर्जनों बसें आ रही थीं। उनमें विदेशी पर्यटक थे। दो बसों में आए पर्यटकों की वेशभूषा को देखकर समझ आ रहा था कि वे भारतीय हैं। मैंने एक बुजुर्ग महिला से पूछा, क्या आप भारत से है? उसने उत्तर दिया, हम भारतीय हैं। पर हम केन्या में बसे हुए हैं। मैंने कभी किसी भी भारतीय पर्यटन स्थल पर इतने विदेश पर्यटक नहीं देखे थे। आप भारत में आगरा से लेकर गोवा और किसी बुद्ध सर्किट की खास जगह पर चल जाइये। आपको विदेशियों की तादाद ही बहुत कम मिलेगी। ये संख्या बढ़ानी होगी। अफसोस होता है कि थाईलैंड और सिंगापुर जैसे छोटे देशों में भारत से ज्यादा विदेशी पर्यटक सैर-सपाटा के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, बुद्ध की धरती भारत में थाईलैंड, जापान, साउथ कोरिया, थाईलैंड जैसे देशों के बहुत कम पर्यटक आते हैं। भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों को गोवा जैसा बनना होगा। गोवा सच में एक इस तरह का स्थान है जो सारी दुनिया से पर्यटकों को अपनी तरफ खींच सकता है। वहां पर यूरोपीय भी आते हैं। गोवा हर लिहाज से श्रेष्ठ है। गोवा के समुद्री बीच गजब के हैं। गोवा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गोवा वासियों के सुसंस्कृत व्यवहार से लेकर सड़कों पर व्यवस्थित ट्रैफिक को देखकर समझ आ जाता है कि गोवा कुछ हटकर है। आखिर बाकी पर्यटन स्थल गोवा जैस कब होंगे। इस बीच, अभी अमृतसर में और अधिक विदेशी पर्यटकों को लाया जा सकता है। अमृतसर में ही जलियांवाला बाग भी है। विदेशी पर्यटकों को भारत में लाना इसलिए भी जरूरी है कि इससे हमें विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होगी।

फिलहाल स्थिति यह है कि भारत के हर साल हजारों-लाखों नौजवान शिक्षा ग्रहण करने के लिए अन्य देशों में जा रहे हैं। ये मेडिकल से लेकर अन्य विषयों में स्नातक की डिग्री लेने के लिए ही अन्य देशों का रुख करते हैं। स्नातकोत्तर की डिग्री लेने के लिए बाहर जाने वाले अपेक्षाकृत कम ही होते हैं। हर साल इन विद्यार्थियों के अन्य देशों में जाने के कारण देश की अमूल्य विदेशी मुद्रा खर्च होती चली जाती है। इन लाखों विद्यार्थियों के लिए देश को अरबों रुपया अन्य देशों को देना पड़ता है विदेशी मुद्रा में। भारतीय विद्यार्थी अमेरिका, कनाडा आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया, यूक्रेन और चीन तक में भी चले जा रहे हैं। अगर कोई विद्यार्थी वास्तव में किसी खास शोध आदि के लिए अमेरिका की एमआईटी या कोलोरोडो जैसे विश्वविद्लायों में दाखिला लेता है तो कोई बुराई भी नहीं है।

आखिर अमेरिका के कुछ विश्व विद्लाय अपनी श्रेष्ठ फैक्ल्टी और दूसरी सुविधाओं के चलते सच में बहुत बेहतर हैं। पर यूक्रेन, आयरलैंड और मलेशिया जाने का क्या मतलब है। इनसे देश के विदशी मुद्रा का भंडार कम होता है। हमारे पास विकल्प है कि हम अपने विदेशी मुद्रा के भंडार को विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करके मजबूती दे सकते हैं।

# युवाओं में दिल का दौरा, भारत के हृदय पर बोझ

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**आज** युवा आबादी में हृदय संबंधी समस्याओं की प्रवृत्ति बढ़ रही है। दिल का दौरा और अन्य हृदय रोग दुनिया भर में हमेशा से प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दे रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, दिल के दौरे के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें मधुमेह, और रक्तचाप, जीवनशैली कारक जैसे धूम्रपान, शराब पीना और अस्वास्थ्यकर आहार के साथ-साथ अत्यधिक तनाव शामिल है जो हृदय को बीमार करता है और हृदय संबंधी समस्याओं के लिए अतिसंवेदनशील बनाता है। कम उम्र की आबादी में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा आदि जैसी बीमारियों में भी एक बढ़ती प्रवृत्ति देखी जा रही है युवा आबादी में हृदय रोगों के लिए जिम्मेदार कारक एक नहीं अनेक है, जीवनशैली कारक जैसे- शारीरिक निष्क्रियता, धूम्रपान, शराब पीना, गतिहीन जीवन शैली, नींद की कमी आदि। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के लिए परिवार/आनुवंशिक इतिहास भी जिम्मेदार है। बढ़ता प्रदूषण स्तर एवं तनाव किसी व्यक्ति की मानसिक भलाई में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मिलावटी भोजन, अनुचित आहार और पोषण की कमी जोखिम को और बढ़ाने के अन्य कारण हैं। धारणा यह है कि कम उम्र में भी अस्वास्थ्यकर भोजन का शारीरिक स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कम उम्र की आबादी में बीमारी के बदलाव के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारण लक्षणों की अनदेखी है, यह देखा गया है कि अधिकांश रोगी हृदय गति रुकने के पहले लक्षणों जैसे सीने में दर्द आदि को नजरअंदाज कर देते हैं। इसे अक्सर अपच समझ लिया जाता है। जब तक लक्षण की गंभीरता देखी जाती है, तब तक यह अंगों को नुकसान पहुंचाने वाला एक बड़ा हमला बन जाता है और कभी-कभी रोगी की मृत्यु का कारण बनता है। वैश्विक स्तर पर चीनी की खपत दस गुना से अधिक बढ़ गई है। चीनी सूजन का कारण बनती है जो बदले में हृदय रोगों, मधुमेह और रक्त के पीएच स्तर में परिवर्तन के लिए जिम्मेदार होती है जो विद्युत रासायनिक प्रक्रियाओं को बाधित करती है। कुछ खाद्य पदार्थ पोषण में शुद्ध नकारात्मक होते हैं, वे एक स्वस्थ शरीर के विटामिन, खनिज और अमीनो एसिड को अवशोषित और उपयोग करते हैं। परिष्कृत भोजन जैसे एक्सप्रेस कार्ब्स का उपयोग जो पाचन के बाद बहुत जल्दी चीनी में परिवर्तित हो जाता है। सब्जियों और दालों में पाए जाने वाले लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स कार्ब्स को आहार में काफी कम कर दिया गया है। औद्योगिक क्रांति के बाद, मुख्य आहार के रूप में गेहूं और चावल पर बहुत अधिक निर्भरता हुई और मोटे अनाज जैसे बाजरा की खपत में गिरावट आई। बिस्कुट और आलू के चिप्स जैसे सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती लोकप्रियता और हल्का नाश्ता, काम का दोपहर का भोजन और अस्वास्थ्यकर जंक डिनर का चलन खराब जीवन शैली का परिणाम है। हृदय रोगों में व्यायाम व्यवस्था की भूमिका भी है, आजकल देखा गया है कि जिम में लोगों को कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। आदर्श काया की बढ़ती प्रवृत्ति के परिणामस्वरूप अक्सर युवा उत्साही ओवरबोर्ड जाते हैं और जोरदार व्यायाम के नियमों का पालन करते हैं। वांछित हृदय गति के संबंध में अपर्याप्त मार्गदर्शन के कारण, उच्च-तीव्रता वाले वर्कआउट स्थिति को और खराब कर सकते हैं। इसके अलावा, लोग अपने हृदय संबंधी इतिहास को अपने जिम प्रशिक्षकों / प्रशिक्षकों से छिपाते हैं। शारीरिक बनावट को बढ़ाने के लिए व्यायाम शासन को अक्सर स्टेरॉयड और भोजन की खुराक की भारी खुराक द्वारा पूरक किया जाता है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधी अवधारणाओं और निवारक स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को हर साल कम से कम एक ईसीजी करवाना चाहिए। संदेह का एक सूचकांक उठाया जाना चाहिए और विभिन्न स्तरों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। पोषण शिक्षा के मूल सिद्धांतों को विशेषज्ञता नहीं बनाया जाना चाहिए और इसे स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। खाने की आदतों के हिस्से में, चीनी को प्राकृतिक मिठास जैसे शहद, गुड़, किशमिश, खजूर आदि से बदलना चाहिए। कृत्रिम भोजन की खुराक के बजाय अधिक प्राकृतिक भोजन (फल और सब्जियां) को शामिल करके अच्छे और संतुलित आहार का पालन करना चाहिए। सभी को यह समझना चाहिए कि व्यायाम एक सतत प्रक्रिया है।

## यहाँ कौन जिंदा है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जमाना** बाढ़ बनकर हमेशा पीछे लगा रहता है। जब देखो तब डुबोने के चक्कर में। शायद औरों की झोपड़ियाँ जलाकर उस पर भोजन पकाने से खाने का मजा दोगुना हो जाता होगा। भूख से बिलखती जिंदगियों की अंतर्पीड़ाओं के बैकग्राउंड में एक अच्छा सा संगीत बजा देने से शायद वह कर्णप्रिय लगने लगे। हो सकता है ऊटपटांग गानों के बीच यह भी जोरों से धंधा कर ले। चलती का नाम गाड़ी है और इस गाड़ी में मुर्दों के बीच सफर करना जो सीख जाता है तो समझो उसकी बल्ले-बल्ले है। वैसे भी यहाँ कौन जिंदा है। सब के सब मरे हुए तो हैं। कोई जमीर मारकर जी रहा है। कोई किसी का मेहनताना खाकर जी रहा है। कोई झूठों वादों से बहलाकर जी रहा है तो कोई मैयत की आग पर रोटी सेककर जी रहा है। यहाँ उल्टा-सीधा जो भी कर लो, लेकिन जीकर दिखाओ यही आज की सबसे बड़ी चुनौती है। या फिर कहलो आठवाँ अजूबा है। सिर उठाने के लिए नहीं झुकाने के लिए होता है। सिर उठाना तो हमने कब का छोड़ दिया। इतनी ही उठाने की ताकत होती तो दिन को रात, अनपढ़ को विद्वान, सूखी रोटी को मक्खन का टुकड़ा नहीं कहते। एक आदत सी हो गयी है बुरे को अच्छा कहने की, झूठे वादों को सच समझने की। बेरोजगारी को कलाकारी मानने की। जैसे पेड़ कटते समय कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी को अपनी बिरादरी समझकर खुश होता है ठीक उसी तरह हम भी अपनी जाति-बिरादरी के मुखिया को चुनकर उनके हाथों गला घोंटवाने का परम आनंद प्राप्त करते हैं।

# जिला पोषण समिति की बैठक: सैम से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों की दें जानकारी-डीएम

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई।
जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मनोज कुमार को निर्देश दिए कि सैम बच्चे जो सामान्य श्रेणी में आते हैं, उसका बाल विकास परियोजना अधिकारियों से सत्यापन कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।ई- कवच ऐप पर फीडिंग कम होने के मामले में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रगति कराएं। पोषण पुनर्वास केंद्र में लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों को भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि बी एच एस एन डी सेशन के दिन ग्राम प्रधानों को निर्देश दे कि वह इस कार्य में सहयोग करें। जिला विकास अधिकारी से कहा कि गत माह के सेशन में कितने प्रधानों को सूचित किया गया है इसकी जांच कर अवगत कराएं। एनीमिक जांच में क्या डाटा आता है, उसकी सूचना प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध कराएं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि तीन दिन में एकत्र करके दे, जो एएनएम जांचे नहीं कर पा रही है उनको प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि जिन नोडल अधिकारियों ने गोद लिए आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बी एच एस एन डी की रिपोर्ट पर्यवेक्षकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कराएं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक भी कराई जाए, मैम श्रेणी से जो सैम में बच्चा गया है, उसको देखें तथा सैम मैम श्रेणी के बच्चों के परिवार वालों को स्वास्थ्य लाभ खानपान की सही जानकारी एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की कुछ



विभागों की फीडिंग नहीं हुई है, सभी विभागों से संपर्क करके फीडिंग कराएं। बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ से कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण के लिए जगह में समस्या है और कार्य रुका है तो एसडीएम से संपर्क करके निस्तारण कराएं। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण शुरू नहीं हुए हैं, वहां पर तत्काल शुरू कराएं। यह सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि निर्माण कार्यों की कमेटी बनाकर गुणवत्ता की जांच कराएं। जिला विकास अधिकारी से कहा कि सबसे अधिक मऊ के आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में समस्या है, खंड विकास अधिकारी मऊ से संपर्क कर प्रगति कराई जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि जो सैम मैम के बच्चों के घरों पर शौचालय नहीं है, उसका बाल विकास परियोजना अधिकारियों से सर्वे कराकर जिला पंचायत राज अधिकारी को सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि वहां पर शौचालय का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बी एच एस एन डी के जो कंट्रोलिंग अधिकारी हैं, वह अपने नीचे स्तर के अधिकारी, कर्मचारियों की रिपोर्टिंग अवश्य करें। इसी प्रकार जिला पूर्ति अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी कराएं। जिन केंद्रों पर स्टेटियो मीटर बजन मशीन नहीं है, वहां पर ग्राम प्रधानों से संपर्क करके व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों के बजन आदि कार्यों में कार्य न करें, उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाए। जिनका वजन हो रहा है तो उसकी शत-प्रतिशत फिडिंग अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि मऊ की प्रगति बहुत कम है, सीडीपीओ मऊ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मऊ से संपर्क करके प्रगति कराएं । अगली बैठक में प्रगति चाहिए, इसमें किसी तरह का बहाना नहीं चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर के अंतर्गत स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा कराई गई है, जिन्हें 2 अक्टूबर 2022 को पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को नवीन व्यवस्था के अंतर्गत जो सूखा राशन का वितरण कराया जाता है, उसका सत्यापन कराया जाए। सूखा राशन वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। विकासखंड पहाड़ी में जो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राशन का उठान नहीं किया जा रहा है, उसको डीसी एनआरएलएम जाकर देखें तथा अवगत भी कराएं। प्रथम त्रैमास में पंजीकरण के उपरांत पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को जो पोषाहार वितरण किया जा रहा है, इसका परीक्षण करा लें कि इनको जो सात बार पोषाहार दिया जाना है, उसमें किसको कितनी बार प्राप्त हुआ है। इसकी सूची उपलब्ध कराएं, बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि जो जनप्रतिनिधि आंगनबाड़ी केंद्र गोद लिए हैं, उनके निरीक्षण की रिपोर्ट लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि निरीक्षण के दौरान जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में कमियां मिली है, उसकी सूचना एकत्र करके जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि अगले माह के निरीक्षण के दौरान यह देखें कि किस आंगनबाड़ी पर क्या कमी है और उसमें कितने कार्य हुआ है, उसका विवरण दें।

## आय बढ़ाएं नगर निकाय, तभी होगा नगरीय विकास, वित्तीय संसाधन बोर्ड के सचिव ने दिए निर्देश

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
सचिव उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड पप्पू गुप्ता, अर्थ संख्या अधिकारी बोर्ड अशोक कुमार तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह की उपस्थिति में जनपद चित्रकूट की नगरपालिका तथा नगर पंचायतों के वित्तीय परिदृश्य को देखते हुए एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किया गया।
बैठक में उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड का गठन भारत सरकार के निर्देश पर 30 मार्च 2011 को किया गया है। अधिनियम के अधीन उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड नियमावली 2016, 17 अगस्त 2016 को प्रख्यापित की गई है। नगरीय निकाय में पारदर्शी एवं वैज्ञानिक प्रणाली से संपत्तियों का मूल्यांकन एवं संपत्ति कार्य का निर्धारण कर उनके वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने की आवश्यकता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है। यह प्रत्येक प्रदेश में लागू किया गया है।



सबसे पहले बेंगलुरु से शुरू किया गया है। निकाय में वित्तीय संसाधन को बढ़ाने कि व्यवस्था के लिये नियमों व एक्ट में दिया गया है। आय बढ़ाने के लिये वेबसाइट पर पूरा विवरण उपलब्ध कराया गया है। कहा कि केंद्र सरकार के भवनों पर 1954 में हाउस टैक्स के बारे में संविधान में छूट दिया गया है। अब रेलवे स्टेशन, दूरभाष केंद्र, पोस्ट ऑफिस में आवागमन नगर क्षेत्र से होकर जाता है। जिसमें केंद्र सरकार के भवन से भी सेवा प्रभार लेने के लिए भारत सरकार, प्रदेश सरकार ने शासनादेश जारी किया है। कहा कि एक टैक्स शासन द्वारा लगाया जाता है, दूसरा टैक्स नगर पालिका और नगर पंचायत लगाती है। सरकारी पैसा देने में कोई समस्या नहीं होती है। शासन का उद्देश्य यही है कि आज आत्मनिर्भर भारत की बात हो रही है तो अगर नगर निकाय अपने आय के स्त्रोत नहीं बनाएंगे तो नगर की सुविधाएं कैसे दे पायेंगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यों और दायित्वों को समझें और जो उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड में नियम शर्तें हैं। उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। जिसमें आप लोग आय बढ़ाएं ताकि वेतन आप लोगों को मिल सके। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को लागू करके सफाई पर फोकस करके अन्य योजनाएं लागू किया गया है। इसका परिणाम कोरोना काल के दौरान अच्छा मिला है। वेतन व मानदेय बढ़ाने से कार्य नहीं हो सकता है। संसाधन बढ़ा कर कार्य करें तभी आपकी आय में बढ़ोतरी होगी, उन्होंने कहा कि जो आप लोगों से सूचनाएं मांगी गई हैं उसकी सूचना ईमेल आईडी तथा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दें।

## अब बिजली उपभोक्ताओं की भी केवाईसी अनिवार्य, एप में अपलोड होगी हर जानकारी

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
अब बिजली उपभोक्ताओं के लिए भी केवाईसी (नो योर कस्टमर) अनिवार्य कर दिया गया है। अभी तक सिर्फ बैंक खातों और रसोई गैस के कनेक्शन को जारी रखने के लिए ही केवाईसी अनिवार्य होता था। अब बिजली विभाग में भी इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इससे बिजली संबंधित सभी जानकारियां उपभोक्ताओं को मोबाइल पर दी जा सकेंगी। विद्युत अधिशाषी अभियंता ने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से विभागीय बेबसाइट पर अपने संयोजन संख्या से केवाईसी अपडेट कराने की अपील की है। पावर कारपोरेशन चेयरमैन के निर्देश पर विद्युत अधिशाषी अभियंता टाउन आरएस वर्मा ने विद्युत उपकेंद्रों के सभी लाइनमैनों और मीटर रीडरों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उपभोक्ता चाहे तो खुद बिजली घर पर केवाईसी फार्म जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में 84 हजार उपभोक्ता हैं। अब तक 60 हजार उपभोक्तओं की केवाईसी हो चुकी है और हजारों उपभोक्ताओं की केवाईसी होनी बाकी है। इसी प्रकार विद्युत अधिशाषी अभियंता राजापुर के के वर्मा ने बताया कि उनके क्षेत्र में 80 हजार 455 उपभोक्ताओं में से अब तक 40 हजार उपभोक्ता ही केवाईसी करायी है शेष उपभोक्ताओं की होनी बाकी है। इसकी जिम्मेदारी मीटर रीडर और लाइनमैनों को दी गई है। केवाईसी के बाद बिजली के बिल में उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर और ई-मेल को अपडेट किया जा रहा है। इससे बिजली से संबंधित सभी जानकारी उपभोक्ताओं को समय-समय पर उनके मोबाइल पर होती रहेगी। उपभोक्ता स्वयं अपने कनेक्शन संख्या पर मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर एवं ई-मेल आई डी अपडेट करके केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। केवाईसी से सभी सुविधाएं हाईटेक हो जाएंगी। ऑनलाइन बिलिंग सिस्टम में कनेक्शन के साथ मोबाइल नंबर या वाट्सएप नंबर अपडेट रहेगा। इससे कस्टमर केयर पर कॉल करने के दौरान उपभोक्ताओं को अपनी कनेक्शन की आईडी नहीं बतानी पड़ेगी। किसी भी समस्या के निस्तारण की सूचना व्हाट्सएप नंबर पर मिल जाएगी। ब्रेक डाउन या बिजली के बाधित होने की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

## एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बने सांसद आरके पटेल

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव पी के श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में बुधवार को बूट ऐप लिपिक संघ का गठन किया गया। विजय कुमार क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन आर के पटेल सांसद चित्रकूट के कार्यालय में हुआ। जिसमें सर्वप्रथम पीके श्रीवास्तव को धन्यवाद ज्ञापित किया गया कि उन्होंने चित्रकूट एथलेटिक्स संघ के गठन की अनुमति प्रदान की। इसके बाद बैठक प्रारंभ हुई और सर्वसम्मति से पूर्व एथलीट तथा सांसद आर के पटेल को एथलेटिक संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद सचिव के रूप में शक्ति प्रताप सिंह को, कोषाध्यक्ष के रूप में, अरुण सिंह बघेल



सदस्य के रूप में चुना गया।श्री कृष्ण सतीश सिंह, श्याम सुंदर यादव, राजेश पांडेय, राजू श्रीवास्तव, राज कश्यप को संघ का सदस्य चुना गया। अध्यक्ष ने कहा कि जिला एथलेटिक संघ चित्रकूट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के नेतृत्व में उनके द्वारा बताए गए कार्यों के अनुसार ही चित्रकूट में संघ का संचालन करेंगे। हाल ही में अपर मुख्य सचिव खेल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा खेल संघों के साथ बैठक करने के निर्देश क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी व क्रीड़ा अधिकारी को दिए गए थे लेकिन चित्रकूट में कोई भी संघ नहीं था,इसके लिए विजय कुमार क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा संघों के गठन की पहल की गई और उसी पहल की कड़ी में चित्रकूट का पहला संघ स्थाई रूप से आज गठित हुआ है। संघ के गठन पर चित्रकूट के वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। महिला सदस्य के रूप में कशिश चैरसिया को रखा गया है। आगे आने वाले समय में संघ एथलेटिक की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करके खिलाड़ियों को प्रांतीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने क लिये भेजेगा।

## अक्षर ने शानदार गेंदबाजी कर जडेजा की कमी पूरी की : कोच मैकडोनाल्ड

**हैदराबाद।** जब रवींद्र जडेजा को दाहिने घुटने की सर्जरी के कारण अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए चयन से बाहर कर दिया गया था, तो कई लोगों ने महसूस किया था कि भारत गेंदबाजी विभाग में ऑलराउंडर और शानदार फिल्डर की कमी को मिस करेगा। लेकिन 2-1 से हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की टी20 सीरीज जीत में अक्षर पटेल ने जडेजा की कमी महसूस नहीं होने दी।

हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की श्रृंखला में, अलग-अलग गति के अलावा सही लाइन और लेंथ की मदद से पटेल ने 6.3 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड इस बात से हैरान रह गए थे कि कैसे भारत ने




जडेजा की अनुपस्थिति से निपटने के लिए अक्षर पटेल का सहारा लिया, जिन्होंने पूरी श्रृंखला में मेहमानों को अपनी फिरकी से बहुत परेशान किया।

मैकडॉनल्ड ने कहा, 'विशेष रूप से अक्षर पटेल के लिए एक शानदार श्रृंखला थी। जडेजा के ना होने के साथ, सभी ने सोचा कि यह भारत के लिए थोड़ी कमजोरी बन सकती है। लेकिन अक्षर ने उनकी कमी महूसस नहीं होने दी। हमने बीच में स्पिन के साथ संघर्ष किया और रात में विकेट थोड़ा तेज हो गया। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है और कुल का बचाव करना कठिन हो गया।

श्रृंखला में, ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ने डेथ ओवरों में गेंद से संघर्ष किया। सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने शानदार पारियां खेलीं, जिसके बाद हार्दिक पांड्या ने 187 रनों का पीछा किया। मेहमान टीम का गेंदबाजी आक्रमण चोटिल मिशेल स्टार्क को छोड़कर अंतिम पांच ओवरों में किसी ने बेहतर गेंदबाजी नहीं की।

जोश हेजलवुड और पैट कमिंस श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में ज्यादा गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं, जिससे मैकडॉनल्ड को लगता है कि स्टार्क की वापसी से उनकी डेथ ओवरों की स्थिति बेहतर हो सकती है।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर वेस ब्राउन और मिकेल सिल्वेस्ट्रे आएंगे भारत, कोलकाता में फैन इवेंट में लेंगे हिस्सा

**कोलकाता।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज फुटबॉलर वेस ब्राउन और मिकेल सिल्वेस्ट्रे 16 अक्टूबर को कोलकाता आएंगे। मैनचेस्टर यूनाइटेड के अंतरराष्ट्रीय फैन इवेंट ञआईलवयूनाइटेड का आयोजन रविवार 16 अक्टूबर को कोलकाता में होगा, जिसमें ये दोनों दिग्गज शिरकत करेंगे।

इस फैन इवेंट का समापन कोलकाता के बिग लॉन निक्को पार्क में 16:00 बजे से लाइव मैच की स्क्रीनिंग के साथ होगा जिसमें ब्राउन और सिल्वेस्टर पूरे दिन प्रशंसकों से मिलेंगे।

ब्राउन और सिल्वेस्ट्रे दोनों ने यूनाइटेड में शानदार करियर का आनंद ले चुके हैं, प्रत्येक ने पांच प्रीमियर लीग खिताब जीते और यूरोप की बड़ी फुटबॉल लीग में से एक यूईएफए चैंपियंस लीग भी जीत चुके हैं और रिटायर होने से पहले वह भारत में क्रमशः केरल




ब्लास्टर्स और चेन्नईयिन के साथ भी खेल चुके हैं।

आईलवयूनाइटेड में भाग लेने वाले प्रशंसक, मैनचेस्टर यूनाइटेड के चैनलों पर विश्व स्तर पर प्रसारित न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ प्रीमियर लीग मैच के एमयूटीवी के मैचडे लाइव कवरेज में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के सीईओ, अलायंस एंड पार्टनरशिप, विक्टोरिया टिम्पसन ने कहा, 'हम भारतीय प्रशंसकों से मिलना पसंद करते हैं, पिछले साल फरवरी में नियोजित ञआईलवयूनाइटेड कार्यक्रम को महामारी के कारण स्थगित करना काफी निराशाजनक था। लेकिन इससे हमें भारत में अपने प्रशंसकों से पूछ कर भारत में आईलवयूनाइटेड के लिए अगला मेजबान शहर तय करने का मौका प्राप्त हुआ जिसमें हम उन्हें दिखा पाए कि हम उनके समर्थन और इनपुट को कितना महत्व देते हैं। उन्होंने कहा, हमने कई वर्षों तक कोलकाता में शानदार समर्थन का आनंद लिया है और शहर में एक लाइव फैन इवेंट के उत्साह को वापस लाने के लिए तत्पर हैं और हजारों उत्साही प्रशंसकों के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड मैच के अनुभव को साझा करेंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, वार्नर, स्टोइनिस, स्टार्क और मार्श की वापसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में डेविड वार्नर, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्टार्क और मिशेल मार्श की वापसी हुई है।

दोनों टी20 मैच 5 अक्टूबर और 7 अक्टूबर को खेले जाएंगे। श्रृंखला ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी और वे विश्व कप से पहले अपनी हर कमजोरियों को सुधारना चाहेंगे, खासकर हाल ही में भारत से 2-1 से श्रृंखला हारने के बाद।

युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को भी भारत के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ उन्होंने तीन मैचों में 118 रन बनाए थे, जिसमें दो तेज अर्धशतक शामिल हैं।

हालांकि उन्हें अभी भी टी20 विश्व कप के लिए 15-खिलाड़ियों की टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन लगातार प्रदर्शन से ग्रीन को वहां अपनी जगह बनाने में मदद मिल सकती है।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन और स्पिनर एश्टन एगर को आराम दिया गया है जबकि एरोन फिंच




टीम की अगुवाई करते रहेंगे।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज और राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि श्रृंखला घर में विश्व कप से पहले कुछ महत्वपूर्ण मैच अभ्यास प्रदान करेगी।

ऑस्ट्रेलिया 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आईसीसी टी-20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। उन्हें ग्रुप वन में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है।

वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः एरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड , डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

ऑस्ट्रेलिया की टी 20 विश्व कप टीमः एश्टन एगर, पैट कमिंस (उपकप्तान), टिम डेविड, एरोन फिंच (कप्तान), जोश हेज़लवुड, जोश इंगलिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड , डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

# तालिबानी मंत्री ने अफगान सरकार से लड़कियों के लिए स्कूल खोलने की मांग की

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के एक वरिष्ठ सदस्य ने देश के शासकों से लड़कियों के लिए स्कूल फिर से खोलने का आह्वान करते हुए कहा कि इस्लाम में इस प्रतिबंध के लिए कोई वाजिब वजह नहीं है। तालिबान सरकार में उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्तानिकजई ने काबुल में तालिबान की उच्च बैठक के दौरान छठी कक्षा के आगे भी लड़कियों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने की अपील की।

देश में अगस्त 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से तालिबान द्वारा उठाए कड़े कदमों के बीच यह उदार अपील की गयी है जो अपने आप में दुर्लभ है। तालिबान सरकार ने शुरुआत में किए वादों के विपरीत लड़कियों के माध्यमिक तथा हाई स्कूल जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक अपने आप को बुर्के से ढंकना होता है और केवल उनकी आंखें ही दिखाई दे सकती हैं। तालिबान ने कहा कि वे लड़कियों के लिए माध्यमिक स्कूल खोलने की योजना पर काम कर रहे हैं लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी।

संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रतिबंध को ''शर्मनाक'' बताया था। स्तानिकजई ने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है कि सभी को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा मुहैया करायी जाए। महिलाओं को शिक्षा मिलनी चाहिए, लड़कियों की शिक्षा के लिए इस्लाम में कोई पाबंदी नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''दूसरों को सरकार तथा जनता के बीच खाई पैदा करने का अवसर न दें। अगर कोई तकनीकी मुद्दे हैं तो उन्हें हल किए जाने की आवश्यकता है और लड़कियों के लिए स्कूलों को खोला जाना चाहिए।''



उनकी यह टिप्पणियां तब आयी है जब तालिबान ने नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति की है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान से लड़कियों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने का आह्वान किया था जिसके बाद यह नियुक्ति की गयी। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि पिछले साल 10 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल जाने से रोका गया।

# बाइडेन प्रशासन का कहना है कि भारत और पाकिस्तान अलग-अलग तरीकों से अमेरिकी साझेदार हैं

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार हैं। बाइडन प्रशासन ने यह बात अमेरिका के दौरे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान के एक दिन बाद कही है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को नवीनतम अमेरिकी एफ-16 सुरक्षा सहायता देने के फैसले को लेकर सवाल उठाए थे। जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क पर सवाल उठाया था कि एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव से संबंधित पाकिस्तान को दिया जाने वाला पैकेज आतंकवाद से लड़ने के लिए है।

जयशंकर ने कहा था कि हर कोई जानता है कि एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कहां और किसके खिलाफ किया जाता है। भारतीय-अमेरिकियों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, आप ये बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पाकिस्तान और भारत के साथ अपने संबंधों को एक नजरिए से नहीं देखते। दोनों अलग-अलग तरह से हमारे साझेदार हैं।



उन्होंने कहा, हम दोनों को साझेदार के रूप में देखते हैं, क्योंकि कई मामलों में हमारे साझा मूल्य हैं। हमारे कई मामलों में साझा हित हैं और भारत के साथ हमारे संबंध अलग हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते अपनी जगह हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने पर रोक लगाने से संबंधित पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के फैसले को बदलते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी।

ट्रंप प्रशासन ने यह रोक कथित तौर पर अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने के लिए लगाई थी। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, ÷हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं कि इन दोनों पड़ोसियों के संबंध यथासंभव रचनात्मक हों।

यह एक और महत्वपूर्ण बात है।' भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान पर लगे आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोपों के चलते तनावपूर्ण रहे हैं।

भारत ने पांच अगस्त 2019 को संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त करके जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया था और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में और खटास आ गई थी। भारत के इस फैसले के बाद, पाकिस्तान ने नयी दिल्ली के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर करते हुए भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया था।तब से पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापारिक संबंध प्रभावित रहे हैं।

# चीन में तख्तापलट की अफवाहों के बीच बीजिंग में एक प्रदर्शनी देखते नजर आए शी जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन में तख्तापलट की अफवाहों के बीच राष्ट्रपति शी जिनपिंग बीजिंग में एक प्रदर्शनी देखते नजर आए। जिनपिंग की मौजूदगी वाला वीडियो वायरल होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि अब तख्तापलट की अफवाहों पर विराम लगेगा। उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेकर लौटने के बाद से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिये थे। इसके बाद से दुनिया भर में अफवाहों का दौर शुरू हो गया था। अफवाहें यहां तक फैल गयी थीं कि चीन में सेना ने तख्ता पलट कर दिया है। कई लोग तो यह दावा भी कर रहे थे कि शी जिनपिंग को पार्टी के प्रमुख पद से हटाकर उन्हें नजरबंद कर लिया गया है। इन्हीं अफवाहों के चलते यह भी चर्चा शुरू हो गयी थी कि शी जिनपिंग आगामी 16 अक्टूबर से अपना तीसरा कार्यकाल शुरू नहीं कर पाएंगे। इन अफवाहों और चर्चाओं के बीच चीन सहित दुनिया भर में शी जिनपिंग की उपस्थिति वाला एक वीडियो वायरल होने से चर्चाओं की दिशा बदल गयी है। इस वीडियो में शी जिनपिंग के साथ कई अधिकारी नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो बीजिंग की एक प्रदर्शनी का है। वीडियो में मास्क लगाए शी जिनपिंग पूरी तल्लीनता से प्रदर्शनी देखते व समझते नजर आ रहे हैं। अब माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति के सार्वजनिक रूप से सामने आने के बाद अफवाहों पर विराम लगेगा। दरअसल, चीन में तख्तापलट और शी जिनपिंग की नजरबंदी की अफवाहों के बीच भी दावा किया जा रहा था कि समरकंद से लौटने के बाद चीन के राष्ट्रपति क्वारंटाइन हो गए हैं।

# पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला, 21 सैनिक जख्मी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सेना पर हमले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 21 पाकिस्तानी सैनिकों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में मीर अली बाई पास रोड पर एक आत्मघाती हमलावर ने घात लगाकर सेना के वाहन को निशाना बनाया। काफी देर तक प्रतीक्षा के बाद जैसे ही पाकिस्तानी सेना का काफिला उधर से निकला आत्मघाती हमलावर ने स्वयं को काफिले के बीच में झोंक दिया। हमला होते ही तेज धमाका हुआ और चीख-पुकार सुनी जाने लगी। हमले में 21 सैनिकों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों को तत्काल एक सैन्य प्राथमिक उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों की स्थिति स्थिर बनाई गयी है। दरअसल तहरीक- ए- तालिबान पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना के बीच विवाद लगातार चल रहा है। हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के संघर्ष विराम पर सहमत होने के बावजूद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऊपर से यह भी देखा जा रहा है कि जनजातीय जिलों में आतंकियों द्वारा सैन्य बलों पर हमलों में तेजी आई है। पिछले महीने में नौ अगस्त को उत्तरी वजीरिस्तान में एक आत्मघाती हमले में कम से कम चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे और सात अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले चार जुलाई को इसी इलाके में सुरक्षा बलों के काफिले पर एक आत्मघाती हमलावर ने हमला किया था, जिसमें कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे।




# अब जानलेवा इबोला वायरस का बढ़ा खतरा, युगांडा में 23 की मौत

**कम्पाला।** अभी दुनिया कोरोना जैसे वायरस के प्रकोप से जूझ ही रही है, कि अब जानलेवा इबोला वायरस का खतरा बढ़ गया है। युगांडा में इबोला वायरस की चपेट में आकर 23 लोगों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम युगांडा भेजी है।

जानलेवा इबोला वायरस ने पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा से दस्तक दी है। युगांडा में इबोला वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इबोला वायरस के कारण 23 लोगों की मौत की बात कही है। बताया गया कि युगांडा के मुबेंडे, कायगेगवा और कसांडा जिलों में 18 अन्य मामलों की पुष्टि हो चुकी है और 18 संभावितों की जांच कराई जा रही है। इस वायरस का मौजूदा प्रकोप



सबसे पहले मुबेंडे जिले के एक छोटे से गांव में सितंबर की शुरुआत में हुआ था। 20 सितंबर को युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 के बाद से अत्यधिक संक्रामक इबोला वायरस से देश की पहली मृत्यु की घोषणा की थी। यह जानकारी सामने आने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन भी सक्रिय हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साफ कहा है कि इस वायरस का कोई इलाज नहीं है। मामले का जल्द पता लगने और लक्षणों के उपचार से बचने की संभावना बढ़ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह भी कहा कि जो टीका इबोला के एक प्रारूप जैरे स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी है, वही टीका दूसरे प्रारूप सूडान स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संकट से निपटने में मदद के लिए एक विशेष टीम युगांडा भेजी है। इबोला वायरस के संक्रमण वाले व्यक्ति को तेज बुखार आता है, जिसमें रक्तस्राव भी होने लगता है। इसके अलावा शरीर में अत्यधिक कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, उल्टी, दस्त जैसी समस्याएं तो होती ही हैं, कुछ लोगों के शरीर में चकत्ते भी पड़ जाते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने किशिदा से कहा-भारत-जापान संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे



**टोक्यो।** प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। मोदी ने कहा- 'भारत और जापान की दोस्ती ने एक वैश्विक प्रभाव पैदा करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है...। मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भारत-जापान संबंध और अधिक गहरे होंगे। हम विश्व में समस्याओं के समाधान में एक उचित भूमिका निभाने के लिए समर्थ बनेंगे।'

# मंदी की आशंका से लुढ़का क्रूड ऑयल

**नई दिल्ली।** वैश्विक मंदी की आशंका के कारण विभिन्न देशों के घरेलू बाजारों की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत पर भी काफी असर पड़ा है। कच्चे तेल की खपत में कमी आने की आशंका से आज वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड (डब्ल्यूटीआई क्रूड) गिरकर 78 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे के स्तर पर पहुंच गया। न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज में डब्ल्यूटीआई क्रूड 21 नवंबर की डिलीवरी के लिए आज गिरकर 77.56 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख लगातार बना हुआ है। माना जा रहा है कि वैश्विक मंदी की आशंका और डॉलर के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाने के कारण कच्चे तेल की कीमत पर दबाव बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि अगर वैश्विक मंदी की स्थिति बनी, तो दुनिया भर में कच्चे तेल की खपत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। खासकर व्यावसायिक गतिविधियों के कम होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के उठाव में कमी आएगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खपत में कमी आने की आशंका ने तेल निर्यातक देशों को कीमत घटाने के लिए मजबूर कर दिया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि डॉलर इंडेक्स में आई मजबूती के कारण कमोडिटी में कमजोरी का रुख बना है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने के कारण डॉलर इंडेक्स फिलहाल 20 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। ऐसी स्थिति में दुनिया भर के ज्यादातर देशों की मुद्रा डॉलर के मुकाबले काफी कमजोर हुई है। जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार से किसी भी कमोडिटी की खरीदारी काफी महंगी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ज्यादातर लेन देन में डॉलर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉलर महंगा होने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार से की जाने वाली कोई भी खरीदारी अब पहले की तुलना में महंगी हो गई है।

कच्चे तेल की कीमत में आई इस गिरावट के बाद यह आशंका भी जताई जा रही है कि ओपेक और इसके सहयोगी देश कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती कर सकते हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता को सीमित करके इसकी कीमत पर नियंत्रण किया जा सके।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिकी नागरिक स्नोडेन को रूस ने दी नागरिकता

**मोस्को।** रूस ने पूर्व अमेरिकी खुफिया एजेंट एडवर्ड स्नोडेन को रूस की नागरिकता प्रदान कर एक तरह से अमेरिका को खुली चुनौती दी है। माना जा रहा है कि रूसी व्लादीमिर पुतिन ने स्नोडेन को राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) द्वारा गुप्त निगरानी अभियानों की जानकारी देने का इनाम दिया है। रूस ने नौ साल बाद स्नोडेन को रूसी नागरिकता प्रदान की है। 39 वर्षीय स्नोडेन ने गुप्त फाइलों को लीक करने के आरोपों के बीच अमेरिका से भागकर रूस में शरण ली थी।

एडवर्ड ने एनएसए के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निगरानी कार्यों का खुलासा किया था, जहां उन्होंने काम किया। अमेरिका स्नोडेन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए वापस लाना चाहता था लेकिन वह पिछले नौ साल से रूस में ही था। इस मामले में स्नोडेन और रूसी सरकार का भी बयान नहीं आया है। जानकारी के अनुसार पुतिन के केवल एक फरमान से 72 विदेशी मूल के व्यक्तियों की सूची में नागरिकता प्रदान करने के लिए स्नोडेन का नाम



सामने आया है। इसी के साथ स्नोडेन की पत्नी लिंडसे मिल्स भी नागरिकता के लिए आवेदन करेंगी। रूस ने स्नोडेन को 2020 में स्थायी निवास का अधिकार दिया था, जिससे उनके लिए रूसी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो पाया है।

# स्पेन में कर धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करेंगी शकीरा

**कोलंबियाई ।** स्पेन के एक न्यायाधीश ने कर धोखाधड़ी के आरोप में कोलंबियाई पॉप गायिका शकीरा के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दे दी। स्पेनिश अभियोजकों ने 2018 में गायिका पर 2012 और 2014 के बीच अर्जित आय पर 1.45 करोड़ यूरो (1.39 करोड़ डॉलर) के कर का भुगतान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अभियोजक कर चोरी के दोषी पाए जाने पर आठ साल की जेल की सजा और भारी जुर्माना की मांग कर रहे हैं। शकीरा (45) कोई भी गलत काम से बार-बार इनकार करती रही हैं और मुकदमे से बचने के लिये अधिकारियों के साथ एक समझौते के प्रस्ताव को उन्होंने खारिज कर दिया था। उनके लिये जनसंपर्क का काम देखने वाली कंपनी ने कहा कि उन्होंने (शकीरा ने) पहले ही समूचा बकाया चुका दिया है और ब्याज के तौर पर 30 लाख यूरो (28 लाख डॉलर) का



भी भुगतान किया है। मुकदमे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। मामला 2012-14 के दौरान का है जब शकीरा वहां रहती थीं। बार्सिलोना में अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि ग्रैमी विजेता ने उस अवधि में आधे से अधिक समय स्पेन में बिताया और उन्हें देश में करों का भुगतान करना चाहिए था, भले ही उनका आधिकारिक निवास बहामास में था। शकीरा का पूरा नाम शकीरा इसाबेल मेबारक रिपोल है और वह तबसे स्पेन से जुड़ी हैं जब वह फुटबॉल खिलाड़ी गेरार्ड पिक के साथ रिश्ते की शुरुआत कर रही थीं। युगल बार्सिलोना में रहता था और उनके दो बच्चे भी हैं हालांकि हाल ही में उन्होंने अपना 11 साल पुराना रिश्ता खत्म कर लिया था। स्पेन पिछले एक दशक में लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे फुटबॉल सितारों पर करों का पूरा भुगतान नहीं करने के लिएकार्रवाई कर चुका है। दोनों खिलाड़ियों को चोरी का दोषी पाया गया और उन्हें जेल की सजा मिली थी हालांकि पहली बार अपराध करने के चलते इसे माफ कर दिया गया था।

# जयशंकर ने कहा- भारत की कमर तोड़ रही तेल की बढ़ती कीमतें

**वॉशिंगटन।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की कीमतें हद से ज्यादा बढ़ी हुई हैं। इनकी कीमतों में नरमी आनी चाहिए। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए नये अवसरों पर चर्चा की है। वहीं पेंटागन पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का भव्य स्वागत हुआ।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तेल की कीमतों का मुद्दा उठाया और अमेरिकी समकक्ष को ऊर्चा चिंताओं से अवगत कराया। यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने रूस से कहा था कि ये युद्ध का युग नहीं है। वहीं अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से कहा है कि तेल की कीमतों ने हमारी कमर तोड़ दी है। एस जयशंकर ने कहा, हम प्रति व्यक्ति 2,000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। हम तेल की



कीमत को लेकर चिंतित हैं। तेल की कीमतें हमारी कमर तोड़ रही है और ये हमारे लिए एक बड़ी चिंता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने में भारत, अमेरिका का हित है। ईंधन की महंगाई का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि विकासशील देश अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने को लेकर चिंतित हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका को अवश्य ही कट्टरपंथ, चरमपंथ और रूढ़िवाद का मुकाबला करना होगा।

**पेंटागन में भव्य स्वागत**

वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर सोमवार को ऑस्टिन से मुलाकात के लिए पेंटागन गए थे। पेंटागन में विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए ऑस्टिन ने हाल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ टेलीफोन पर हुई अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि यह बातचीत दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी और आकांक्षाओं को मजबूत करती है। पेंटागन ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका अपनी साझेदारी में अगले चरण की ओर बढ़ रहे हैं।

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि यह कदम क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान को बढ़ाएगा।ऑस्टिन और जयशंकर ने अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच गहरे अभियानगत समन्वय के लिए सूचना-साझा किये जाने और साजो-सामान सहयोग के विस्तार को लेकर प्रतिबद्धता जताई।

पेंटागन ने कहा कि उन्होंने (जयशंकर और ऑस्टिन ने) एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान के समर्थन में द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नये अवसरों पर भी चर्चा की। इसमें इस साल के अंत में एक नया रक्षा संवाद शुरू करना भी शामिल है क्योंकि अमेरिका और भारत अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में बाढ़ से 5 फीसदी गरीबी में इजाफा, 28 अरब डालर का हुआ नुकसान

**इस्लामाबाद:** आर्थिक मंदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान की कमर बाढ़ से आई तबाही ने तोड़ दी है। देश में आई विनाशकारी बाढ़ से लगभग 28 अरब डालर का नुकसान हुआ है। मंगलवार को संशोधित आकलन के हवाले से मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश को आपदा प्रभावित क्षेत्रों के निर्माण में दो से 10 वर्ष का समय लगेगा। अमेरिका ने बाढ़ राहत, मानवीय सहायता के लिए पाकिस्तान को 5.65 करोड़ डालर मुहैया कराए हैं। आपदा के बाद PDNA के आकलन अनुसार मध्य जून से आई बाढ़ के से 1600 से ज्यादा की मौतें हुई और हजारों लोग घायल हो गए।